**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.| B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 255 लखनऊ, मंगलवार 30 अप्रैल 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## अमित शाह के फेक वीडियो मामले में पीएम मोदी ने ईसी से कर दी बड़ी अपील, कहा– समाज में तनाव पैदा करने की साजिश रची जा रही

एजेंसीं

नई दिल्ली पीएम मोदी ने कहा कि हमारा सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने चुनाव आयोग से अपील करते हुए कहा कि समाज को फर्जी वीडियो से बचाना हमारी जिम्मेदारी, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सतारा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह के फेक वीडियो को लेकर कार्रवाई की मांग की है। पीएम मोदी ने कहा कि फर्जी वीडियो के जरिए समाज में तनाव पैदा करने की साजिश रची जा रही है। देश में लोकतंत्र, शांति और सद्भाव के लिए मैं देश के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे फर्जी वीडियो और तस्वीरों को उजागर करें और पुलिस को रिपोर्ट करें। हमारा सामाजिक



न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने चुनाव आयोग से अपील करते हुए कहा कि समाज को फर्जी वीडियो से बचाना हमारी जिम्मेदारी, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार का रवैया गरीबों को लेकर क्या होता था, इसका अंदाजा आप उनकी नीतियों से लगा सकते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब हजारों टन अनाज सरकार के गोदामों में सड़ता था। कांग्रेस सरकार उसे गरीबों को देने को तैयार नहीं थी। मना कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कांग्रेस सरकार अनाज गरीबों में बांटे। भाजपा ने पहले आरोप लगाया था कि तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह का एक एडिटेड वीडियो प्रसारित किया गया था जिसमें उन्हें एससी–एसटी और ओबीसी समुदायों के आरक्षण को हटाने का झूठा वादा करते हुए दिखाया गया था। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि छेड़छाड़ किया गया वीडियो कथित तौर पर आधिकारिक तेलंगाना कांग्रेस के एक्स हैंडल द्वारा साझा किया गया था और उसके बाद, पार्टी के कई नेताओं ने इसे दोबारा पोस्ट किया। इस बीच, दिल्ली पुलिस साइबर सेल की एक टीम अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो को पोस्ट करने के लिए

## राजनाथ सिंह के पास 5.14 करोड़ की संपत्ति, पत्नी के पास 52 लाख का सोना, 12 किलो चांदी

संवाददाता।

लखनऊ संसदीय सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को पर्चा भरा। अपने चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपनी संपत्तियों की घोषणा की। राजनाथ सिंह ने लखनऊ ने पर्चा भर दिया है। संसदीय सीट लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पास वर्ष 2019 में कुल 5. 14 करोड़ रुपये की संपत्ति थी। पांच साल में यह बढ़कर 5.14 करोड़ रुपये हो गई है। इनमें राजनाथ सिंह के पास कुल संपत्ति 3,11,32,962 और अचल संपत्ति की कीमत 3,34,80,580 है। यह जानकारी उनके द्वारा पेश किए गए चुनावी हलफनामे से मिली। वर्ष 2019 में नामांकन दाखिल करने के दौरान राजनाथ सिंह द्वारा घोषित




संपत्तियों में कुल चल संपत्ति 1.64 करोड़ जबकि पत्नी के पास 53.03 लाख नगदी, बैक जमा, निवेश इत्यादि के दर्शाए गए थे। उन्होंने तब खुद के पास 68 हजार की नगदी संग 1.90 लाख के स्वर्ण जेवरात व 3 लाख के कीमती रत्न दर्शाए थे। सोमवार को दाखिल किए गए नामांकन में उन्होंने अपने पास 75 हजार और पत्नी के पास 45 हजार नकदी बताई है। वह शस्त्र रखने के भी शौकीन हैं और उनके पास एक 32 बोर की रिवाल्वर और एक दो नाली बंदूक भी है। राजनाथ सिंह के पास चार लाख 20 हजार का सोना और चार लाख के रत्न हैं। वहीं उनकी पत्नी के पास 52 लाख 50 हजार का सोना और नौ लाख 37 हजार 500 की चांदी (12रू50 किलो) है। राजनाथ आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है।

## पिता के गढ़ में जीत पाएंगे चिराग पासवान, राजद के शिवचंद्र राम से है मुकाबला

एजेंसीं

पटना बिहार 2019 के लोकसभा चुनाव में एलजेपी के पशुपति कुमार पारस को 5,41,310 वोट मिले, जबकि राजद के शिवचंद्र राम को 3,35,861 वोट मिले। इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार राज पासवान भी चुनाव लड़े थे, जिन्हें 30,797 वोट मिले थे। 2019 के चुनाव में इस सीट पर 11 उम्मीदवार मैदान में थे। बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट पर एलजेपी (रामविलास) और राजद के बीच मुकाबला होने वाला है। यह निर्वाचन क्षेत्र राज्य में हाई–प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा चिराग पासवान पहली बार अपने चाचा और मौजूदा सांसद पशुपति पारस की जगह अपने दिवंगत पिता की सीट से चुनाव लड़ेंगे। चिराग का मुकाबला राजद उम्मीदवार



शिवचंद्र राम से होगा जिन्होंने 2019 के चुनाव में पारस के खिलाफ चुनाव लड़ा था लेकिन असफल रहे थे। हाजीपुर लोकसभा सीट चिराग पासवान के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गई है। 2024 के चुनाव के लिए सीट पर दावा ठोकने को लेकर उनके और उनके चाचा पशुपति पारस के बीच खींचतान चल रही थी। हालाँकि, भाजपा ने सीट–बंटवारे समझौते के तहत बिहार में चार अन्य सीटों के साथ चिराग को सीट आवंटित की। बीजेपी के फैसले से नाराज नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री पशुपति पारस ने सरकार से इस्तीफा दे दिया। चिराग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वह, जो जमुई से दो बार के सांसद हैं, इस बार हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में एलजेपी के पशुपति कुमार पारस को 5,41,310 वोट मिले, जबकि राजद के शिवचंद्र राम को 3,35,861 वोट मिले। इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार राज पासवान भी चुनाव लड़े थे, जिन्हें 30,797 वोट मिले थे। 2019 के चुनाव में इस सीट पर 11 उम्मीदवार मैदान में थे। चिराग पासवान इस बार हाजीपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले चिराग जमुई सीट से सांसद चुने गए थे। उन्होंने जमुई सीट से 2014 और 2019 का चुनाव जीता था। हालांकि इस बार उन्होंने अपने पिता की सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया था। चिराग के पिता राम विलास पासवान हाजीपुर लोकसभा सीट से 9 बार सांसद रह चुके हैं। चिराग ने जमुई से अपने जीजा अरुण भारती को मैदान में उतारा है।

## बीड में चुनाव से पहले मुख्यमंत्री को बड़ा झटका! पूर्व मंत्री ने जय महाराष्ट्र पार्टी बनाने का किया फैसला

एजेंसी। महाराष्ट शिवसेना शिंदे गुट के नेता पूर्व मंत्री सुरेश नवले ने पार्टी जय महाराष्ट्र बनाने का फैसला किया है। इसे लोकसभा चुनाव में शिंदे गुट के लिए झटका माना जा रहा है और वे आज शाम बीड में बैठक कर अपने रुख का ऐलान करने वाले हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में वे महाविकास अघाड़ी या महायुति के उम्मीदवार का समर्थन करेंगे, इस पर जिले की नजर है। पंकजा मुंडे बीड जिले से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। महायुति पंकजा मुंडे को जिताने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को बड़ा झटका लगा है। शिंदे गुट के नेता और पूर्व मंत्री सुरेश नवले ने पार्टी जय महाराष्ट्र बनाने का फैसला किया है। नवले आज शाम बीड में कार्यकर्ताओं की एक सभा में अपने पद की घोषणा करने वाले हैं। बीड लोकसभा का बहुत सारा गणित इस बात पर निर्भर करता है कि नवले किसका समर्थन करते हैं। शिवसेना शिंदे गुट के नेता पूर्व मंत्री सुरेश नवले ने पार्टी जय महाराष्ट्र बनाने का फैसला किया है। इसे लोकसभा चुनाव में शिंदे गुट के लिए झटका माना जा रहा है और वे आज शाम बीड में बैठक कर अपने रुख का ऐलान करने वाले हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में वे महाविकास अघाड़ी या महायुति के उम्मीदवार का समर्थन करेंगे, इस पर जिले की नजर है। दिलचस्प बात यह है कि संभाजीनगर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरेश नवले ने शिवसेना के मुख्यमंत्री और बीजेपी के बीच बयानबाजी भी की। एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने छत्रपति संभाजीनगर जिले का दौरा किया था। सुरेश नवले ने उसी दिन खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। सुरेश नवले ने कहा कि पिछले डेढ़–दो महीने से मैंने शिवसैनिकों, शिवसेना नेताओं और उपनेताओं की भावनाओं को व्यक्त किया है। जिन लोगों ने सब कुछ जोखिम में डालकर मुख्यमंत्री का समर्थन किया और उनके नेतृत्व को स्वीकार किया, उन्हें उम्मीदवारी नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बाँट रही कांग्रेस –अनुराग ठाकुर

एजेंसी।

नई दिल्ली। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है वहां उनकी सारी गारंटियां बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा होगा। नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बाँटने का काम करने की बात कही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है वहां उनकी सारी गारंटियां बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा होगा। जहां–जहां कांग्रेस की सरकार आती है वहां हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर कांग्रेस एक विशेष समुदाय को दे देती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। भाजपा राज में एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण निर्विरोध बरकरार था, है और रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने 3 दशकों तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली अस्थिर सरकार का दंश झेला है जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट बैंक पॉलिटिक्स चरम पर था। आज देश में कोई नहीं चाहता कि वह दौर वापस आए। सभी को मोदी जी के पिछले 10 वर्षों में हुए विकास की पहचान है और इसीलिए आज पूरे देश के लोग भाजपा और एनडीए के पीछे लामबंद



हैं। देश की जनता को पता है कि इंडी एलाइंस वाले देश को एक परचून की दुकान समझते हैं जिसमें प्रत्येक वर्ष कोई नया प्रधानमंत्री बनेगा। इसीलिए आज कांग्रेस 40 सीटों के लिए संघर्ष कर रही है और भारतीय जनता पार्टी अकेले दम पर 370 पार और एनडीए 400 पार सीटें लाने वाली है।अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस की सोच लोगों को गरीब बनाए रखना है वहीं मोदी सरकार की सोच लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। उदाहरण स्वरूप मोदी 3.0 में हम रूफटॉप सोलर योजना लेकर आ रहे हैं जिसमें 3 किलोवाट सौर्य क्षमता वाले उपकरण घर की छत पर लगाने हेतु हेतु अगर आपकी लागत 10 लाख की है तो उसमें से चार लाख रुपए मोदी सरकार देगी और ध्6 लाख बैंक से मिल जायेंगे। इससे उत्पन्न होने वाली 300 यूनिट बिजली आपके लिए
फ्री होगी और जो ज्यादा बिजली होगी वह सरकार आपसे खरीदेगी। इससे आपका बैंक लोन भी चुकता हो जाएगा और सालाना ध्15000 की बचत भी होने लगेगी।

## मुफ्त अनाज योजना से गुमराह न हो गरीब जनता, जनता के पैसे से दिया जाता है अनाज–मायावती

संवाददाता।

बदायूं (उत्तर प्रदेश) चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना को छलावा बताते हुए कहा कि जनता इससे प्रभावित न हो क्योंकि यह अनाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की जेब से नहीं बल्कि खुद गरीब जनता की गाढ़ी कमाई से दिया जा रहा है। बदायूं (उत्तर प्रदेश) । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना को छलावा बताते हुए कहा कि जनता इससे प्रभावित न हो क्योंकि यह अनाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जेब से नहीं बल्कि खुद गरीब जनता की गाढ़ी कमाई से दिया जा रहा है। मायावती ने यहां एक चुनावी जनसभा में जनता को विरोधी पार्टियों के खोखले वादों से आगाह करते हुए भाजपा पर कांग्रेस की ही तरह जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने केन्द्र सरकार की मुफ्त अनाज योजना का जिक्र करते हुए कहा कि वे (भाजपा नेता) लोगों से कहते हैं कि भाजपा और मोदी ने उन्हें मुफ्त राशन दिया है और उन्हें भाजपा को वोट देकर यह कर्ज चुकाना चाहिए, मगर लोगों को इससे गुमराह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मुफ्त राशन दिया जा रहा है वह मोदी जी या



भाजपा की जेब से नहीं आ रहा है, बल्कि यह कर के रूप में दिये गये आपके ही पैसे से दिया जा रहा है। मायावती ने कहा कि लोगों को यह सोचने की जरूरत नहीं है कि यह कोई कर्ज है जिसे चुकाना होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गरीब लोगों की जटिल समस्या केवल हर हाथ को काम देने से ही खत्म होगी। अगर सरकार बनाने का मौका मिला तो उनकी पार्टी इस पर ध्यान देगी। बसपा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ज्यादातर देखा गया है कि जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां सपा अपने परिवार के किसी व्यक्ति को टिकट देती है और जहां हिंदू संख्या में अधिक हैं, वहां मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करती है। यह समाजवादी पार्टी का चरित्र है।

## सत्ता में आने पर हटा देंगे 50: आरक्षण सीमा, राहुल गांधी बोले– ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का है

राहुल ने कहा कि हमारे लिए आदिवासी का मतलब– जो देश के सबसे पहले मालिक हैं। लेकिन भाजपा के लोग आपको श्वनवासीश कहते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं आपको जल–जंगल–जमीन न मिले। उन्होंने कहा कि आरक्षण एक सोच है। इसका मतलब है हिंदुस्तान के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को उनकी भागीदारी मिलनी चाहिए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले श्400 पारश का नारा दे रहे थे और अब 150 पार भी नहीं बोल रहे। क्योंकि.. जनता समझ गई है कि भाजपा के लोग 400 पार के नारे की आड़ में संविधान और गरीबों के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश



में आरक्षण, वोट, अधिकार.. ये सभी संविधान की देन हैं। अगर संविधान नहीं रहा तो आदिवासी साथियों के हाथ से जल–जंगल–जमीन गायब हो जाएंगे। हम जिन्हें श्आदिवासीश कहते हैं, भाजपा के लोग उन्हें श्वनवासीश कहते हैं। कांग्रेस के चुनावी वादों पर प्रकाश डालते हुए गांधी ने कहा कि 'इंडिया' के सत्ता में आने के बाद 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटा दी जाएगी। राहुल ने कहा कि हमारे लिए आदिवासी का मतलब– जो देश के सबसे पहले मालिक हैं। लेकिन भाजपा के लोग आपको श्वनवासीश कहते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं आपको जल–जंगल–जमीन न मिले। उन्होंने कहा कि आरक्षण एक सोच है। इसका मतलब है हिंदुस्तान के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को उनकी भागीदारी मिलनी चाहिए। लेकिन.. जब ये सरकारी चीजों को प्राइवेट करते हैं, आरक्षण को खत्म करते हैं। अग्निवीर जैसी स्कीम लाते हैं, आरक्षण को खत्म करते हैं। उन्होंने कहा कि पब्लिक सेक्टर में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को जगह मिलती थी, लेकिन जैसे ही उसे प्राइवेट किया जाता है, इनको जगह नहीं मिलती। गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन और दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के लोग हैं। उन्होंने संविधान की पुस्तक को दिखाते हुए कहा, यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है, संविधान को प्रधानमंत्री जी, भाजपा के नेता और आरएसएस के लोग बदलना और खत्म करना चाहते हैं। एक तरफ वह संविधान को खत्म करने में लगे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी इसे बचाने की कोशिश कर रही है। गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं है,

## नीतीश कुमार, नौकरी देने का काम हम कर रहे, वो श्रेय लेने लगता है

एजेंसीं

बिहार पटना अररिया में 7 मई को मतदान होगा और बीजेपी ने प्रदीप कुमार सिंह को मैदान में उतारा है जबकि राजद ने शाहनवाज आलम को मैदान में उतारा है। बिहार की 40 सीटों पर सभी सात चरणों में मतदान हो रहा है। 2019 में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीतकर राज्य में जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस ने सिर्फ एक सीट जीती। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अगस्त 2022



और जनवरी 2024 के बीच सत्ता साझा करते हुए नौकरियां प्रदान करने का श्रेय लेने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव की आलोचना की। अररिया लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए, कुमार ने कहा कि आजकल कुछ लोग बयान देते रहते हैं कि यहां (बिहार) कोई भर्ती नहीं होती थी और उन्होंने भर्ती करना शुरू कर दिया था। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैंने उन्हें (तेजस्वी यादव) समझाया कि हमने 10 लाख नौकरियां देने का फैसला किया है और हम इस पर काम कर रहे हैं जब हम कुछ करते हैं तो वह श्रेय लेता है और कहता है कि उसने यह किया है। गौरतलब है कि जनवरी 2024 में यू–टर्न लेते हुए नीतीश कुमार ने राजद से नाता तोड़ लिया था और एनडीए में शामिल हो गए थे। उन्होंने 2005 से सभी क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित करने के लिए भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के बीच सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डाला और कहा, श्हमने हर घर तक बिजली, पानी और शौचालय पहुंचाया... हम 10 लाख नौकरियां देने के लिए काम कर रहे हैं। हमने 2005 से 2020 तक 5 लाख लोगों को नौकरियां दीं... हमने तय किया कि हम 2020 के बाद 10 लाख से ज्यादा नौकरियां देंगे।

## अदालत ने मालवणी जहरीली शराब त्रासदी मामले में चार आरोपियों को दोषी ठहराया, 10 को बरी किया

एजेंसी। मुंबई जून 2015 में पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवणी में लक्ष्मी नगर झुग्गी बस्ती में जहरीली शराब पीने से कम से कम 102 लोगों की मौत हो गई थी। आरोपियों को दिल्ली, मध्य प्रदेश और गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। मुंबई की एक सत्र अदालत ने 2015 के जहरीली शराब त्रासदी मामले में सोमवार को चार आरोपियों को दोषी ठहराया और 10 अन्य को बरी कर दिया। इस घटना में यहां के मालवणी इलाके में 102 लोगों की मौत हो गई थी। आरोपियों को आपराधिक साजिश और गैर इरादतन हत्या समेत भारतीय दंड संहिता और बॉम्बे निषेध अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी पाया गया। अदालत छह मई को सजा पर अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनेगी। जून 2015 में पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवणी में लक्ष्मी नगर झुग्गी बस्ती में जहरीली शराब पीने से कम से कम 102 लोगों की मौत हो गई थी। आरोपियों को दिल्ली, मध्य प्रदेश और गुजरात से गिरफ्तार किया गया था।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलाजी दिवस के अवसर पर हुआ सेमिनार का आयोजन

लखनऊ (आरएनएस)। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 29 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस के अवसर पर बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल, बीबीएयू एवं इंडियन इम्यूनोलॉजी सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में ष्बढ़ती उम्र में प्रतिरक्षा – उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा विज्ञान का संचालनष विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रसिद्ध रोबोटिक्स सर्जन डॉ० ज्ञान चंद मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो० राम चन्द्रा , स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की डीन प्रो० संगीता सक्सेना, बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० डी० आर० मोदी एवं आयोजन सचिव डॉ० सुनील बाबू गोसीपटाला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब केंद्ध छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। सर्वप्रथम प्रो० संगीता सक्सेना ने सभी का स्वागत किया एवं सभी को मुख्य अतिथि के परिचय से अवगत कराया। इसके पश्चात आयोजन सचिव डॉ० सुनील बाबू गोसीपटाला ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी दी। प्रसिद्ध रोबोटिक्स सर्जन डॉ० ज्ञान चंद ने कैंसर के बारे में बताते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर कैंसर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। कैंसर कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में या जिनके इम्यून सिस्टम से परेशानी होती है उन लोगों में आसानी से फैलता है। सही समय पर कैंसर का पता लगा कर उसका उपचार करने से एवं पहले से ही सावधानियां बरतने से इस बीमारी के खतरे कोध काफी हद तक कम किया जा सकता है। आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो० राम चन्द्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण भी हमारी प्रतिरोधक क्षमता को नुकसान पहुंचता है। सभी लोगों को पर्यावरण प्रदूषण की ओर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि समय रहते अगर इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो भविष्य में इसके परिणाम नकारात्मक होंगे। प्रो० डी० आर० मोदी ने सभी को पौष्टिक आहार के माध्यम से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस के अवसर पर जूनियर एवं सीनियर वर्गों में क्विज, पोस्टरद्य एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन समिति के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ० सुनील बाबू गोसीपटाला ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो० वी० एलोंगेवान, प्रो० नीतू सिंह, प्रो० वेंकटेश कुमार, प्रो० आभा मिश्रा, अन्य शिक्षक, विभिन्न विद्यालयों के छात्र– छात्रायें, शोधार्थी एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने लखनऊ शहर में एक जन जागरूकता अभियान आयोजित कर सुरक्षा के महत्व को किया रेखांकित

लखनऊ (आरएनएस)। देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने लखनऊ शहर में श्सुरक्षाश के महत्व को उजागर करने और हेलमेट अपनाने को बढ़ाने के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलाया। 1090 चौराहे पर चलाए गए इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य था, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट के उपयोग के महत्व को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को श्सुरक्षाश को प्राथमिकता देने के लिए संवेदनशील बनाना। इस अभियान में पीछे बैठने वालों की सुरक्षा के लिए हेलमेट के महत्व पर भी जोर दिया गया, क्योंकि उनमें अक्सर सबसे असुरक्षित सह–यात्री शामिल होते हैं और वे हैं बच्चे। इस जन जागरूकता अभियान का उद्घाटन श्री कमलेश दीक्षित, पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध एवं सुरक्षा, लखनऊ ने श्री अमित झिंगरन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के साथ किया और इस मौके पर श्री इंद्र पाल सिंह, ए. सी. पी, लखनऊय श्री एम. आनंद, मुख्य वितरण अधिकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंसय श्री रवींद्र शर्मा, प्रमुख ब्रांड, कॉर्पोरेट संचार एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंसय और साथ ही लखनऊ यातायात पुलिस तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधियों ने उन स्थानीय लोगों से सीधी बातचीत की जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिखे। उन्होंने इन लोगों को हेलमेट (हेड प्रोटेक्शन गियर) के महत्व के बारे में बताया जो न केवल उनकी अपनी बल्कि उनके प्रियजनों की भी सुरक्षा करता है। एसबीआई लाइफ की टीम के साथ अधिकारियों ने मोटर चालकों और पीछे बैठने वालों को मुफ्त हेलमेट भी वितरित किए। इसके जरिये लोगों को अपने सपनों को निडर होकर आगे बढ़ाने के लिए श्सहयोगकर्ता के रूप में सुरक्षाश (प्रोटेक्शन एज एन एनेबलर) के विचार पर जोर दिया गया और इस प्रकार श्सुरक्षाश को प्राथमिकता बनाने के लिए व्यवहार में बदलाव को प्रोत्साहित किया गया। लखनऊ के महिला अपराध एवं सुरक्षा के डी.सी.पी, कमलेश दीक्षित ने कहा, ष्लखनऊ यातायात पुलिस और एसबीआई लाइफ शहर के स्थानीय निवासियों को मोटर साइकिल चलाते समय सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए इस जन जागरूकता अभियान को चलाने के लिए साथ आए हैं। हेलमेट से सवार की अनिश्चितता से सुरक्षा होती है और साथ ही आईएसआई मार्क वाले हेलमेट का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि इस तरह की पहल से स्थानीय लोगों को सवार के साथ–साथ पीछे बैठे व्यक्ति की सुरक्षा में हेलमेट की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक बनाने में मदद मिलती है।"



# 05 दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम एफ.डी.पी. का हुआ शुभारम्भ

लखनऊ।पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट), लोहिया भवन, अलीगंज, लखनऊ में पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार की अपेक्षानुसार 05 दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम (एफ.डी.पी.) का शुभारम्भ आज अटल कुमार राय, निदेशक, पंचायती राज, अमनदीप दुली, विशेष सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ०प्र० शासन, प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट), वित्त एवं लेखाधिकारी प्रदीप कुमार, नेशनल कंसल्टेन्ट तौकीर खान, रुचि यादव, पंचायतीराज तथा टी.आर.आई. संस्था के कंसल्टेन्ट पंकज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन पंचायतीराज प्रशिक्षण संस्थान (प्रिट) में कराये जाने हेतु पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार का आभार व्यक्त किया तथा भारत सरकार की पूरी टीम को धन्यवाद के साथ विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागियों का प्रदेश में स्वागत किया एवं उम्मीद जतायी कि इस कार्यक्रम से क्षमता संवर्द्धन को नई दिशा मिलेगी। निदेशक पंचायतीराज ने प्रतिभागियों से यह अपेक्षा की, कि उनके द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग धरातल पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में 12 राज्यों के 65 फैकल्टी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। फैकल्टी के क्षमता संवर्द्धन एवं कार्यकुशलता के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज मंत्रालय एवं प्रिट के कुशल एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।श्री राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण आवासीय है तथा प्रशिक्षण समापन 03 मई 2024 को सायं 05:00 बजे होगा।

# भाजपा के प्रचार प्रसार ने पकड़ी तेजी

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस)। रायबरेली लोक सभा भाजपा के समर्थन मे अमावा ब्लॉक के लगभग 15गाँवो मे जनसम्पर्क अभियान अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व मे चंद्र भान सिंह, मुन्ना सिंह, सत्यम सिंह, शंकर सिंह, सूर्यभान सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भगवती सिंह डॉ नरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज, अजय सिंह चंदेल के साथ किया गया।समस्त गाँव की सम्मानित जनता ने उत्साह से स्वागत एवं अभिनन्दन किया। जनता में भाजपा की लहर और सभी का समर्थन अविस्मरणीय रहा।सभी ने बीजेपी को जिताने का आश्वासन दिया। भाजपा नेता अवधेश सिंह ने बताया कि जनपद में अधिकांश समय कांग्रेस का सांसद होने के बावजूद यहां पर समुचित विकास नहीं हुआ है ।भाजपा सरकार के 10 वर्ष के शासनकाल में गांव शहर हर स्थान पर विकास तेजी से हुआ है। जिसका लाभ भाजपा को मिल रहा है ।जनता में भाजपा की जोरदार लहर है। इस मौके पर निर्मल त्रिपाठी, नीरज शर्मा, अशोक शुक्ला भी साथ रहे।

# दबंग ने युवक पर किया जानलेवा हमला

रायबरेली(आरएनएस) ।दबंगों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि वह बिना किसी भय के कभी भी किसी घटना को अंजाम दे सकते हैं।सरेनी थाना क्षेत्र से एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां एक दबंग ने बाजार से घर जा रहे युवक पर पीछे से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया।बाजार से घर जा रहा युवक घर की बजाय जिला अस्पताल पहुंच गया,जहां वह जिंदगी मौत से लड़ रहा है,वहीं बेखौफ दबंग क्षेत्र में निर्भय होकर खुला घूम रहा है।आपको बताते चलें कि रविवार की शाम सरेनी के भोजपुर बाजार से सब्जी लेकर घर वापस आ रहे युवक पर पड़ोस के ही दबंग ने रास्ते में पीछे से सरिया से वार कर दिया।इससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे,जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया,जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।थाना क्षेत्र के कोरवा गांव के रहने वाले रामचंद्र पुत्र रवि शंकर अग्निहोत्री ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनका बेटा आदर्श उर्फ छोटू रविवार शाम को भोजपुर बाजार से सब्जी लेकर वापस घर लौट रहा था,तभी रास्ते में गांव के ही राजन उर्फ उमेश चंद्र अग्निहोत्री पुत्र रमाकांत अग्निहोत्री उर्फ बचूनी ने लोहे की सरिया (राड़) से हमला

# सपा की युवजन सभा की बैठक में पार्टी मजबूती पर जोर

रायबरेली(आरएनएस) ।समाजवादी युवजन सभा की एक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने की। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव कहा कि रायबरेली में सम्पूर्ण विकास कार्य समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ। श्री यादव ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन रायबरेली लोकसभा सीट पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने कहा कि भाजपा सिर्फ नफरत की राजनीति करती है और यही समाजवादी लोग इण्डिया गठबन्धन के साथ मिलकर नफरत की राजनीति को खत्म करने का काम करेंगे। साथ ही साथ श्री पटेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित करते हुए संगठन को मजबूत करते हुए बूथ स्तर तक पहुँचाने का आवाहन किया। बैठक को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, जिला सचिव, सतगुरू पासवान, शिवबरन यादव, युवजन सभा के जिला महासचिव घनश्याम यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवम अटरा, कुलदीप यादव, आनन्द, जफर इकबाल, कमलेश पटेल, कोषाध्यक्ष आशाराम पटेल, जितेन्द्र यादव आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

# तीसरे चरण के चुनाव में करोड़पति उम्मीदवारों की भरमार

लखनऊ (आरएनएस) उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 10 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 100 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया जो आगरा, आवला, बदायूं, बरेली, एटा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, हाथरस मैनपुरी और संभल से चुनाव लड़ रहे है। मुख्य संयोजक यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर के संजय सिंह ने कहा कि तीसरे चरण के चुनाव में भी करोड़पति उम्मीदवारों कि भरमार हैं। हम करोडपति उम्मीदवारों की बात करे तो 100 में से 46 यानी 46: उम्मीदवार करोड़पति हैं। भारतीय जनता पार्टी के 10 में से 10 (100:), समाजवादी पार्टी के 9 में से 9 (100:), बहुजन समाज पार्टी के 9 में से 9 (100:), पीस पार्टी के 3 में से 1 (33:), स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के 2 में से 1 (50:), और जन शक्ति एकता पार्टी के 1 में से 1 (100:) उम्मीदवार करोड़पति हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 6.94 करोड़ है मुख्य दलों में भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 11.74 करोड़ है समाजवादी पार्टी के 9 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 47.67 करोड़ है बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.45 करोड़ है वही पीस पार्टी के 3 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 1.13 करोड़ है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के प्रत्याशियों में बरेली से समजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन सिंह एरन हैं जिनकी संपत्ति लगभग 182 करोड़ है इसी तरह से अक्षय यादव, फिरोजाबाद से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 136 करोड़ के आस पास है वही मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रही डिम्पल यादव हैं जिनकी संपत्ति 42 करोड़ के आसपास हैं। सबसे कम संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष तीन उम्मीद्वारो कि बात करे तो आगरा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हसनुराम अम्बेडकरी हैं जिनकी कुल समत्ति 12 हजार हैं दूसरे नंबर पर एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कैलाश कुमार हैं जिनकी संपत्ति 19 हजार बताई गई हैं तीसरे नंबर पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे रवि कुमार हैं उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 21 हजार रूपए बताई हैं। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलो में 100 में से 25 (25:) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं इनमें से 20 (20:) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो भारतीय जनता पार्टी के 10 में से 4 (40:), समाजवादी पार्टी के 9 में से 5 ( 56:), बहुजन समाज पार्टी के 9 में से 4 (44:) , राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 2 में से 1 (50:) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में भारतीय जनता पार्टी के 30:, समजवादी पार्टी के 33:, बहुजन समाज पार्टी के 44:, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 50:, उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। आपराधिक मामलों में रामनाथ सिंह सिकरवार जो फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार है उनके ऊपर 17 आपराधिक मामले दर्ज है दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में चौधरी बशीर हैं जो फिरोजाबाद से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार है इनके ऊपर 9 आपराधिक मामले है वही तीसरे नंबर पर पवन कुमर हैं जो संभल से लोग पार्टी के उम्मीदवार है जिनके ऊपर 3 आपराधिक मामले पंजीकृत है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 100 में से 33 (33:) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है जबकि 52 (52 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। 1 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। 12 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 2 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। तीसरे चरण में उम्मीदवारों की आयु की बात करे तो 100 में से 28 (28 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 54 (54 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। 18 (18 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 8 (8 प्रतिशत) महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही है

# 01 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

## 28 अप्रैल को कुल 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब,

लखनऊ । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध ा शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 अप्रैल, 2024 तक कुल 32977.30 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3211.02 लाख रुपये नकद धनराशि, 4583.70 लाख रुपये कीमत की शराब, 21850.88 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 अप्रैल, 2024 को कुल 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 4.39 लाख रुपये नकद धनराशि, 51.58 लाख रुपये कीमत की 18989.75 लीटर शराब, 112.38 लाख रुपये कीमत की 441702.58 ग्राम ड्रग एवं 13.72 लाख रुपये कीमत की 5916 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी। 28 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 90.42 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 361700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग तथा जनपद आगरा की आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 439 बम बरामद, अवैध शस्त्र बनाने वाले 152 केन्द्र सीज

लखनऊ । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 28 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4692 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,03,831 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,85,577 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8068 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8168 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 439 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3444 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 152 केन्द्रों को सीज किया गया।28 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 04 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 13,791 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 74 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 61 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 50 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्र सीज किया गया।

# अब तक कुल 1,27,98,360 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,27,98,360 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 78,25,064 तथा निजी स्थानों से 49,73,296 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,61,531, पोस्टर के 36,08,621, बैनर के 22,00,111 एवं अन्य 11,54,801 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,78,970, पोस्टर के 22,91,838 बैनर के 12,33,667 एवं अन्य 7,68,821 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 103 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 109 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# रजनी सिंह मिसेज वोग स्टार इण्डिया लखनऊ से चुनी गयी

लखनऊ (आरएनएस)। रू वोग स्टार इण्डिया के द्वारा मिसेज इण्डिया का आयोजन 14 अप्रैल को जयपुर में हुआ जिसमें 17000 महिलाओं में से 63 महिलाओं को पूरे भारत मे से चुना गया एवम जयपुर में बुलाया गया। कड़ी मेहनत के बाद रजनी सिंह मिसेज वोग स्टार इण्डिया लखनऊ से चुनी गयी और क्राउन पहनाया गया। रजनी सिंह ने बताया कि वोग स्टार नें मुझे वह ग्रेट मन्च दिया जिसका सपना मै बचपन से देखती आयी हूॅ। मैं राजपूत फैमिली से हूॅ जहॉ यह सब करना सही नहीं माना जाता है। मेरी शुरूआती शिक्षा लखनऊ में हुयी और पढ़ते समय ही मेरा विवाह हो गया पर मैने अपनी पढ़ाई पूरी की। मेरा शुरू से माडलिंग का शौक रहा जिसे मैने पूरा करने के लिए मैने कड़ी मेहनत की और जब भी मौका मिला प्रयास किया। ईटीवी उत्तर प्रदेश में ष्मिसेज भाग्यशालीष की प्रतियोगिता भी मैने जीता है और एयर होस्टेज में भी सेलेक्ट हो गयी थी लेकिन परिवार के लोग नहीं जाने दिये मेरे परिवार में औरतो को बाहर काम करने की भी छूट नहीं थी तब भी मैने संघर्श कर अपनी एक रियल स्टेट की कम्पनी खोली जिसमें मे सिंगल ओनर हूॅ । मैने पॉलिटेक्निक कॉलेज में काउंसलर के रूप में 2 वर्ष कार्य किया एवं एच आर के रूप में रिक्रूटमेंट भी किया लेकिन मुझे माडलिंग का बहुत शौक था जो मैं अपने परिवार के विरूद्ध जा के प्रतिभाग किया और मिसेज वोग स्टार इण्डिया लखनऊ चुनी गयी। मैं हर महिलाओं को यह प्रेरित करना चाहती हूॅ कि जो घरेलू महिलायें है वह अपने शौक को पूरा करे और जहा जो मंच मिले वहॉ प्रतिभाग करने का प्रयास करें। मुझे मेरी मा और बेटी नें बहुत सर्पोट किया।

## ओपेन डे समारोह में बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया सी.एम.एस. छात्रों ने

लखनऊ, 29 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस द्वारा 'ओपेन डे समारोह – हैप्पी होराइजन्स'' का भव्य आयोजन विद्यालय के सजे–धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रों के माता–पिता व अभिभावक छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वनिर्मित कलात्मक वस्तुओं, गायन एवं वादन, नृत्य–संगीत, कम्प्यूटर ज्ञान, योगा आदि विभिन्न विषयों में छात्रों का हुनर देखकर अभिभावक गद्गद हो गये। ओपेन डे समारोह में विभिन्न प्रस्तुतियों



द्वारा छात्रों ने अपने विचारों को बड़ी ही खूबसूरती से उकेरा एवं और अपनी भावनाओं को इतने कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। समारोह का शुभारम्भ सर्व–धर्म व विश्व शांति प्रार्थना से हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न शिक्षात्मक गतिविधियों जैसे योगा, इम्पावर्ड लर्निंग स्पेस, ट्रेडीशनल डान्स, हार्मोनिक ओपेन क्वायर, डिजिटल रीम फन, लाइब्रेरी बुक्स बोनान्जा, क्राफ्टी–आर्टिस्ट्री शोकेस एवं पीसफुल पॉटरी प्ले आदि में अपनी रचनात्मक व सृजनात्मक क्षमता का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर अभिभावकों के रूप में उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया तथापि अभिभावकों ने भी छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती संविदा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के समारोह बच्चों के दिन प्रतिदिन के जीवन में नया उत्साह व उल्लास जगाते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने स्कूल की गतिविधियों में सहयोग हेतु अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## अभिनय क्षमता का अभूतपूर्व परचम लहराया सी.एम.एस. छात्रों ने

लखनऊ, 29 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में दो–दिवसीय रंगमंच प्रस्तुति 'यूफेनिया' का शुभारम्भ आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. किंगडन ने छात्र जीवन में थिएटर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि थियेटर में जहाँ एक ओर स्क्रिप्टिंग, वेशभूषा डिजाइन आदि चीजें छात्रों में रचनात्मकता व सहयोग के गुण विकसित करती हैं तो वहीं दूसरी ओर संवाद अदायगी उनकी अभिव्यक्ति क्षमता व चरित्र निर्माण में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रो. किंगडन ने इस रंगमंच प्रस्तुति हेतु छात्रों के परिश्रम व नई चीजें सीखने हेतु बधाई दी।

रंगमंच प्रस्तुति 'यूफेनिया' के पहले दिन आज विश्व प्रसिद्ध नाटक 'जूलियस सीजर' एवं 'प्रेम रामायण' का मंचन हुआ। मंचन में जूलियस सीजर की भूमिका पावनी अग्रवाल ने जबकि ब्रूटस व मार्क एंथोनी की भूमिका क्रमशः एरीना खान व मनांश जिंदल ने निभाई। इसी प्रकार, अपरान्हः सत्र में 'प्रेम रामायण' का मंचन हुआ। इस नाट्य कृति में सी.एम.एस. छात्रों ने जबरदस्त अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मंचन में राम की भूमिका कक्षा–12 के छात्र वंश अवस्थी जबकि सीता की भूमिका कक्षा–12 की छात्रा अदिति त्रिपाठी ने निभाई।सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को प्राचीन परम्परा, जीवन मूल्यों, संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने में महती भूमिका निभाते हैं।

## बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था, पशुओं के लिए तालाब एवं पोखर भरवाने और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

झांसी ! जनपद में गर्मी का मौसम चरम पर है और तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इस बार गर्मी के सीजन की शुरूआत विगत वर्ष के तापमान की अपेक्षा दो से तीन डिग्री अधिक तापमान से हुई है। असंतुलित जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। अनुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि जनपद में हीट वेवध्लू से बचाव को लेकर जनपद वासियों को सर्तक रहना होगा तथा लू से बचाव के उपायों का अनुसरण करते हुए अपने तथा अपने परिवार का बचाव करें जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद में बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर समस्त ट्यूबवेल तथा सिंचाई के साधनों को चालू हालत में किया जाए, ताकि पेयजल की स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सके। उन्होंने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन व लीकेज को ठीक कराए जाने, पशुओं के पेयजल हेतु तालाब एवं पोखरों को भरवाने की व्यवस्था कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हो, वहां जलापूर्ति हेतु पानी के टैंकरों को तैनात करने की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि टैंकरों की मौके पर रवानगी हुई अथवा नहीं इसकी भी क्रॉस चेकिंग करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने ग्रामीण पेयजल योजनओं का सुचारू रूप से संचालन तथा अधिष्ठापित इण्डिया मार्का–2 हैण्डपम्पों के रिबोर एवं मरम्मत तथा अनुरक्षंण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन क्षेत्रों में पशु–पक्षियों हेतु पेयजल आपूर्ति हेतु तालाब ध् झीलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई विभाग को निर्देशित किया।



## माइक्रो सॉफ्ट राइज प्रोग्राम मे सफल प्रशिक्षणार्थियों को ज्वाइनिंग लेटर दिया गया

झांसी! आईसेक्ट पी एम के के झाँसी मे माइक्रोसॉफ्ट के राइज सीएसआर प्रोजेक्ट के अंतर्गत केंद्र में आज माइक्रोसॉफ्ट से राहुल अगारिया का आगमन हुआ केंद्र में उनका स्वागत आईसेक्ट के रीजनल मैनेजर विकास श्रीवास्तव ने किया केंद्र में आईसेक्ट के द्वारा चलाए जा रहे जॉब रोल की जानकारी दी। केंद्र के प्रशिक्षित प्रशिक्षक अशफाक खान, श्रद्धा सिंह जी ने माइक्रो सॉफ्ट के प्रतिनिधि जी को केन्द्र में चलाए जा रहे कोर्स की जानकारी देते हुए,छात्र छात्राओं से भी भेंट करवायी। श्री राहुल जी ने छात्र छात्राओं से भी चर्चा की कार्यक्रम के अगले क्रम में माइक्रो सॉफ्ट राइज प्रोग्राम में सफल प्रशिक्षणार्थियों को राहुल अगारिया एवं आईसेक्ट उत्तर प्रदेश के संयोजक संजू एवं गौरव झाँ जी के कर कमलों द्वारा दिए गए माइक्रो सॉफ्ट राइज की सफल छात्रा आशिया बानो को मॉरडन फार्मा का ज्वाइनिंग लेटर राहुल अगारिया एवं संचालक संदीप साहू के द्वारा दिया गया। संदीप साहू ने अगारिया छात्रों एवं स्टाफ को धन्यवाद दिया



## रोडवेज बस और कार में भिड़ंत, कार सवार दंपत्ति समेत दो बच्चे घायल

सुल्तानपुर(आरएनएस)। वाराणसी–लखनऊ नेशनल हाइवे पर सोमवार को लंभुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नरहरपुर के पास कार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई।कार सवार दंपत्ति और बच्चे घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार एक कार वाराणसी से लखनऊ की ओर जा रही थी। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर बाईपास के पास कार पहुंची ही थी कि नरहरपुर के अंदर से आ रही रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। बस में सवार यात्रियों की माने तो रोडवेज बस चालक तेज गति के साथ हाईवे से सिंगल रोड पर जा रहा था। गति इतनी तेज थी कि डिवाइडर से कूदने के बाद ही बस रुकी। कार में टक्कर से वाराणसी के भोजूबीर निवासी सूरज प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष, श्वेता सिंह उम्र 35 वर्ष एवं उनकी दो बच्चिया तान्या सिंह उम्र 14 वर्ष व युवा सिंह उम्र 4 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसको पुलिस एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार करके वाराणसी के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सूरज प्रताप सिंह अपने परिवार के साथ लखनऊ किसी कार्य के लिए जा रहे थे।



## बुआ ने तीन साल की भतीजी की गला दबाकर की हत्या

सुलतानपुर(आरएनएस)। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में भाभी से रंजिश के चलते ननद ने साढे तीन वर्ष की भतीजी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मां की तहरीर पर ननद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस हत्यारोपित ननद को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है। थानाक्षेत्र क्षेत्र अर्जुनपुर निवासी कुमारी पत्नी संतलाल निषाद का उसकी ननद अर्चना से विवाद चला आ रहा था। रविवार शाम चार बजे कुमारी की साढ़े तीन वर्षीय पुत्री आकृति भोजन के बाद घर के सामने से खेलते समय अचानक गायब हो गई। माँ कुमारी ने बेटी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका सुराग नही लगा। उसके बाद कुमारी ने मामले की सूचना देहात कोतवाली वज्जूपुर मायके अपने पिता गुरुदीन को दी। रात को ग्रामीणों के साथ बालिका की खोजबीन शुरू की गई। इस बीच कुमारी की ननद अर्चना के कमरे में ताला लगा मिला। जब लोगों ने कमरे का ताला खोलने के लिए कहा तो ननद अर्चना बहाना बनाकर वहां से गायब हो गई। शक के आधार पर ग्रामीण और मायके पक्ष के लोग दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो कमरे का नजारा देखकर दंग रह गए। आकृति का शव चारपाई के नीचे पड़ा हुआ था। बुआ अर्चना ने आकृति को जमीन पर पटककर व गला दबाकर हत्या कर दी थी। सूचना रात पौने दस बजे पुलिस को दी गई। सूचना पर कप्तान सोमेन वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चन्द्र,सीओ प्रशांत सिंह,थानाध्यक्ष धीरज कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर गए। रात को पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। बालिका की माँ कुमारी की तहरीर पर पुलिस ने ननद अर्चना के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छुपाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपित बुआ अर्चना को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर प्रशान्त सिंह ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्जकर आरोपित बुआ को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपिता को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या किस तरह से की गई कारण पता लग सकेगा।

## मकान से कब्जा हटवाने के लिए सांसद ने दिए तहसीलदार कादीपुर को निर्देश

सुल्तानपुर। दोस्तपुर थाना अंतर्गत बभनइया पश्चिम में दबंगों द्वारा पुलिस की शह पर मकान कब्जे का मामला सांसद मेनका गांधी के जनता दरबार में पहुंच गया है। पीड़ित के शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर सांसद ने कादीपुर के तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि एसएचओ दोस्तपुर को बोले कि मकान खाली कराए। सांसद के इस आदेश के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। दरअस्ल चर्चित कोतवाल राम आशीष उपाध्याय पर कोतवाली नगर में रहते हुए कई एक अवैध स्थानों पर कब्जा कराने का पूर्व में आरोप लग चुका है। वे वर्तमान में दोस्तपुर थाने का प्रभार देख रहे हैं। जहां उन पर बभनइया पश्चिम गांव निवासी अशिवनी कुमार त्रिपाठी ने दबंग दुर्गादत्त तिवारी व सियाराम तिवारी को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस के संरक्षण से आरोपियों ने उनके मकान के मुख्य गेट के सामने दीवार खड़ी कर मकान कब्जे की कोशिश किया है। थाने पर जब उसे न्याय नहीं मिला तो उसने डीएम–एसपी की चौखट पर न्याय की गुहार लगाया। हर जगह से थकहार कर वे सांसद के जनता दरबार में पहुंचे ।

## अयोध्या की ऐतिहासिक धरोहरो से परिचित होते अविवि के प्रशिक्ष टूरिस्ट गाइड

अयोध्या (आरएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग के अंतर्गत प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को अयोध्या के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया एवं उन्हें भौगोलिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की गई। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह व गोरखपुर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड ने क्वीन हो पार्क से यात्रा प्रारंभ की। इन्हें राजकुमारी हो के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे वह दक्षिणी कोरिया गई और भारत सरकार एवं कोरियाई सरकार ने अयोध्या में एक कोरियन पार्क बनाये जाने का अनुबंध किया। उन्हें यह भी बताया कि यहाँ पर कोरियन पार्क कोरियन वास्तुकला स्टाइल में बना है। वहाँ की पारंपरिक चीजों का उपयोग इस पार्क को बनाने में किया है। जिसके कारण बहुत सारे कोरियन टूरिस्ट आते हैं और आगे बहुतायत में आने की संभावना है।इस भ्रमण में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को राम की पैड़ी पर स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर का इतिहास और उसके आर्किटेक्चर से परिचित कराया गया। इसके उपरांत उन्हें लक्ष्मण घाट, ऋणमोचन घाट, पापमोचन घाट होते हुए लक्ष्मण किला पर जाकर गाइड का भ्रमण समाप्त हुआ। इस दौरान डॉ0 सर्वेश ने टूरिस्ट गाइड को सभी स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि अयोध्या के सभी मंदिर एवं घाट अपना एक ऐतिहासिक महत्व रखते है। जिसे टूरिस्ट गाइड को जानना होगा और पर्यटकों को बताना होगा। इस भ्रमण से पहले प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने डॉ0 सर्वेश कुमार का स्वागत किया और बताया कि इनके द्वारा अयोध्या पर बहुत शोध किए गए है। अयोध्या के भौगोलिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त कर एक अच्छे टूरिस्ट गाइड बन सकते है।

## नगर निगम के वार्ड संख्या 39 में कचरे का अंबार से मोहल्ले के लोग परेशान

झांसी! आज वार्ड नंबर 39 अलीगोल खिड़की में ट्रांसफार्मर के बगल में जगह–जगह कचरा का ढेर लगा हुआ है 7 दिन से कचरा पड़ा हुआ है पर कोई सुनवाई करने वाला नहीं है फोन लगाने पर नगर निगम के इंस्पेक्टर साहब एवं हबलदार उचित जवाब नही देते नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 39 में कूड़े कचरे का उठाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने रहने से लोगों को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है वार्ड संख्या 39 अलीगोल खिड़की ट्रांसफार्मर के बगल में कूड़ा कचरा का अंबार लगा हुआ है। नगर निगम द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई नहीं किए जाने से वार्ड के लोग गंदगी के बीच रहने को विवश हैं



## दुर्घटना में मृत अधेड़ की पत्नी ने दर्ज कराया हत्या का मुकदमा

कुड़वार सुल्तानपुर(आरएनएस)। शुक्रवार को मौजा निवासी के साथ कुरेभार थाना क्षेत्र में गेहूं की मढाई कराने गए मजदूर की दुर्घटना में हुई मौत मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।मुकदमा दर्ज होने के बाद तीसरे दिन परिजनो ने शव का दफन किया। बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा भंडरा निवासी सुरेंद्र निषाद(48) पुत्र राम मूरत निषाद मजरे के कालू पाठक का पुरवा निवासी विशाल पांडेय पुत्र परमानंद पांडेय के साथ उनकी लड़की के यहा कूरेभार थाना क्षेत्र में गेहूं की मढाई कराने शुक्रवार को दिन में गया था। उसके साथ लाला का पुरवा गांव निवासी सिखई, राकेश, बृजेश, मत्ते भी मजदूरी करने गए थे। शुक्रवार शनिवार की रात सुरेंद्र निषाद गेहूं कटाई हो जाने के बाद अचानक गायब हो गया।जिसके बाद विशाल पांडेय अन्य मजदूरों को लेकर वापस अपने घर लौट आए। जब सुरेंद्र के घर वालो ने विशाल पांडेय से जानकारी किया तो उन्होंने कोई सीधा जबाब न देते हुए इधर उधर की बात करते रहे। शनिवार की शाम सुरेंद्र निषाद की पत्नी शायरी देवी ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।जिसके थोड़ी ही देर बाद पुलिस ने शनिवार को भोर में कूरेभार थाना क्षेत्र के सिद्धि गणेशपुर में दुर्घटना में मृत हुए अधेड़ की फोटो भेजी। जिसे देख परिजन पहचान गए। रविवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया।मृतक सुरेंद्र की पत्नी ने कूरेभार पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। लेकिन पुलिस घटना की सही जानकारी करके तहरीर देने की बात कहकर टालती रही। सोमवार को परिजनो से शव अपने दरवाजे पर रखकर मुकदमा दर्ज न होने तक अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। तब जाकर पुलिस ने शायरी देवी की तहरीर पर विशाल पांडेय व उनकी बेटी और दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद परिजनों ने शव को मिट्टी देकर दफन कर दिया। अंतिम संस्कार को इनकार करने की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कुड़वार अरुण कुमार द्विवेदी व क्षेत्रीय लेखपाल वहीद मौके पर मौजूद रहे।कूरेभार प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



## काबा का तवाफ परिक्रमा करने जा रहे 185 हज यात्रियों को टीका लगा



सुल्तानपुर(आरएनएस)। इस्लाम धर्म के वैश्विक आस्था का केंद्र काबा की दर्शन करने हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वर्ष 2024 में सुल्तानपुर जिले से 195 लोग हज यात्रा पर जा रहे है। जिसमे सोमवार को 185 लोगो ने टीका लगवाया। बाकी लोग सीएमओ कार्यालय से सम्पर्क करके टीकाकरण करा सकेंगे। स्थानीय खैराबाद स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया में सोमवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक बैक्सीन का इंजेक्शन स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित टीम द्वारा लगाया गया । 104 हज यात्री को ड्राप पिला कर वैसीन का टीका लगा उधर जामिया अरबिया मदरसा में 81 लोगों को टीका लगाया गया। टीकाकरण के उपरांत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला हज ट्रेनर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी जामिया इस्लामिया मदरसा के नाजिम –ए–आला (प्रबंधक) एव मरकज मस्जिद के पेश ईमान द्वारा दिया गया। दिनाँक 29 अप्रैल को प्रशिक्षण में 104 हज यात्री उपस्थिति हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश चौधरी की ओर से गठित टीम में डॉ तहसीन तौफीन खान एमओ दुबेपुर डॉ यहिया खान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडवार, विवेक पाण्डेय फार्मासिस्ट, ज्योति एएनएम मोहिता एएनएम चीना खान स्टाफ नर्स की देख रेख में 104 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर ट्रेनर मौलाना मकबूल कासमी, हाफिज इरफान, मुफ्ती तौफीक अहमद, मेराज अंसारी एव मदरसे के तमाम स्टाफ सहयोग में लगे रहे।

## निष्ठा व सर्मपण के साथ सभी पदाधिकारी चुनाव के कार्य में जुटें – मानवेंन्द्र सिंह

अयोध्या (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अयोध्या विधान सभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याकुण्ड अयोध्या धाम में समपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद सिंह ने कहा कि श्री राम दर्शन यात्रा के दौरान लगभग दो माह से अधिक का समय आप लोगों के साथ व्यतीत हुआ। जिसमें अनुभव हुआ कि अयोध्या के कार्यकर्ता कितनी निष्ठा भाव के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करते हैं। उसी निष्ठा तथा सर्मपण के साथ सभी पदाधिकारियों को चुनाव के कार्य में जुट जाना है। मंडल तथा शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी निरंतर बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख के साथ समन्वय बनाएं। भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाने में आप सभी निष्ठावान कार्यकताओं का सर्वाधिक योगदान है।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या तथा यहां के चुनाव पर हैं। यहां से पूरे विश्व को एक संदेश जाना चाहिए। बूथ समितियां व पन्ना प्रमुख की वोटर तथा प्रभावी मतदाताओं से निरंतर सम्पर्क में रहें। बूथ की ग्रेडिंग कर लीं जाए। चुनाव अभियान व्यवस्थित ढ़ंग से चलाना है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव कोई आम चुनाव नहीं हैं। यह देश की राजनीती की दिशा व दशा तय करेगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है। आज पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या के चुनाव पर है। सभी कार्यकताओं को चार जून को भगवा लहराने का संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाना है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबका साथ सबका विकास के पथ पर चल कर हम सबका विश्वास जीतने के पथ पर अग्रसर हैं। अयोध्या से ऐतिहासिक विजय मिले। देश में सर्वाधिक अंतर से अयोध्या विजय का संकल्प हम सभी को लेना है। सम्मेलन का संचालन विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन ने किया । इस दौरान जिपंअ रोली सिंह, लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डा. बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अरविन्द सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अशोका द्विवेदी, आशा गौड़, रीना द्विवेदी सहित मंडल, शक्ति केन्द्र पदाधिकारी, सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 30 अप्रैल 2024
sheelshukla100@gmail.com


# संपादकीय

## सहज तौर पर तलाक देले

रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार न रख पाने वाले दंपति की शादी बंबई हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी। अदालत के फैसले के अनुसार दंपति की हताशा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता तथा कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक व मानसिक वजह हो सकती है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। अपने फैसले में उच्च अदालत ने कहा कि शुरुआत में संबंध न बना पाने के लिए उसने अपनी पत्नी को दोषी को ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकारने में असमर्थ था कि वह दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ है। दोनों का विवाह मार्च 2023 में हुआ था, परंतु वे 17 दिन बाद ही अलग हो गए। मामले को फरवरी 2024 में परिवार अदालत ने खारिज कर दिया था। उसका कहना था कि मिली–भगत से तलाक की अर्जी दायर की गई है। पति नहीं चाहता था कि उस पर नपुंसकता का धब्बा लगे।

रिलेटिव इंपोटेंसी में कोई शख्स किसी विशेष के साथ दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ हो जाता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न है। यह फैसला तलाक की अर्जी लगाने वाले ढेरों दंपतियों के लिए सुकून की सांस लेन वाला साबित हो सकता है।

अपने समाज में अभी भी शादियां टूटने के मामले औसतन बहुत कम हैं। उस पर इस तरह के गोपन आरोप लगाने वाले अपनी सामाजिक तौहीन को लेकर बहुत भावुक हो जाते हैं। ज्यादातर मामलों में उन्हें अपनी चूक या अक्षमता को पचा पाने का नैतिक साहस नहीं होता है।

चूंकि अभी भी अमूमन शादियां परिवारों द्वारा निश्चित की जाती हैं, ऐसे में दंपति में सामंजस्य न बैठ पाना, गैरमामूली नहीं कहा जा सकता। हालांकि यदि पति को ऐसा कोई संदेह पहले था तो उसे चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लेनी चाहिए। विचारणीय बात तो यह भी है कि जब दोनों आपसी सहमति से विवाह के कायम न रखने को राजी हैं।

अगर उनके दरम्यान कोई मतभेद नहीं हैं तो संबंध विच्छेद के मध्य किसी को आने की आवश्यकता नहीं रह जाती। पौरुषहीनता का आरोप जड़ कर संबंध विच्छेद करना, उसकी समूची शख्सियत को छलनी करने सरीखा है।

उसे मानसिक, भावनात्मक व सामाजिक रूप से निर्वस्त्र करने से बेहतर है, सहज तौर पर तलाक दे्ध्ले लिया जाए।

## अल्पसंख्यक श्रेणी का अधिकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म के आधार पर पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी करने के संविधान विरोधी प्रयासों पर बड़ा हमला बोला है।

कांग्रेस से सवाल किया है, 'क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेंगे?' 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी तो उसने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससीध्एसटी आरक्षण को कम कर इस कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था। यह कांग्रेस का 'पायलट प्रोजेक्ट' था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004–2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। मोदी ने अब फिर से आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में लोगों का धन छीन कर अपने 'खास' लोगों को बांटने की साजिश रची है। यह अत्यंत तल्ख टिप्पणी राजस्थान के टोंक जिले में एक चुनावी जनसभा में की।

प्रधानमंत्री की टिप्पणी संपूर्ण सत्य है। एक समय कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की मंशा रही थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया था। केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश चाहती थी। इस मंशा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से स्पष्ट करने को कहा था कि वह बताए कि उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया? कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह तो कोटे में उपकोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा। दरअसल, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने धर्म के आधार पर' आरक्षण का लाभ संविधान के विरुद्ध बताया था।

वर्तमान में दिसम्बर, 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसद आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन केंद्र सरकार ने ओबीसी के कोटे में खास तौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया था। इसे कानूनी रूप देते हुए 'अल्पसंख्यकों से संबंधित' और 'अल्पसंख्यकों के लिए' जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था।

वंचित समुदाय, चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण, को बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है क्योंकि बदहाली की सूरत अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती? खाद्य की उपलब्धता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उनको हासिल करना मौजूदा दौर में पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता, आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं, और जिनके बच्चे पब्लिक स्कूलों से पढ़े हैं। इसलिए इस संदर्भ में मुसलमानों और भाषायी अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की वकालत करने वाली रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट के भी कोई बुनियादी मायने नहीं रह गए थे? यह रिपोर्ट भी मुसलमानों को संवैधानिक प्रावधानों में आरक्षण जैसे विकल्प खोलने के लिए तैयार कराई गई थी।

वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म–समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं लेकिन जैन समुदाय केंद्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। दरअसल, 'अल्पसंख्यक श्रेणी' का अधिकार पा लेने के क्या राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक निहितार्थ हैं, इन्हें समझना मुश्किल है।


# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती




भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साधा कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है।विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ–साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन–केन–प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक–एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार–प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग–अलग स्रोतों से अलग–अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ–साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ–साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा। भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तूणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए। दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम–धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने दान दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है।सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने–अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चौनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते–देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चौनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर



परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी–हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है। आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर–घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफेक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चें को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है

# आज का राशिफल

मेष राशिरू आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई–नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप शांतिपूर्ण तरीके से अपने काम को पूरा कर पाएंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे–समझे विश्वास ना करें, बेहतर होगा कि कोई भी निर्णय खुद ही लें।

वृष राशिरू आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र के सहयोग से आपकी हिम्मत और हौसला बना रहेगा। फोन और मेंल द्वारा नई जानकारियां और समाचार मिल सकते हैं। आज बातचीत द्वारा आप अपने काम करवाने में सक्षम भी रहेंगे।

मिथुन राशि आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं, उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर कोई बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी। खर्चों को सीमित रखें नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है। आज किसी कमेंटी जैसी गतिविधियों में निवेश करने से पहले उसकी जानकारी अवश्य ले लें।

कर्क राशिरू आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओ को बढिया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

सिंह राशिरू आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कोई शुभ समाचार मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी होने की वजह से आपके बनते कार्यों में समय लग सकता है।

कन्या राशिरू आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। अविवाहित जातकों को विवाह के प्रस्ताव आयेंगे। आज आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

तुला राशिरू आज आपका दिन ठीकरूठाक रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज कोई भी काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लें।

वृश्चिक राशिरू आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

धनु राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। वकर्रूफील्ड में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता–पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आयेगा। सोशल

मकर राशिरू आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भी समय व्यतीत करेंगे। उधार दिए हुए पैसे की वापसी भी संभव है। आज ज्ञानवर्धक किताबें और साहित्य पढने में अपना समय लगाएंगे।

कुंभ राशिरू आज का दिन बढिया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने में किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

मीन राशिरू आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आपका किसी के प्रति अधिक आत्मविश्वास अच्छा नहीं रहेगा। आज आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे, आपको अन्य लोगों का साथ भी मिलेगा।

# दुबई दुनिया का सबसे बड़ा टर्मिनल बना, जानें 400 गेट वाले इस एयरपोर्ट के बारे में



शेख मोहम्मद के अनुसार नए टर्मिनल में 400 गेट और पांच रनवे होंगे। पहली बार, दुबई का विमानन क्षेत्र नई विमानन टेक्नोलॉजी से परिचित होगा। ये एक बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। इसमें दुबई साउथ के हवाई अड्डे के आसपास एक पूरा शहर निर्मित होगा।संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल–मकतूम ने रविवार को बड़ी घोषणा की है। इसके अनुसार दुबई में उनकी सरकार ने एआई मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए यात्री टर्मिनलों के डिजाइन को मंजूरी दे दी है। जैसे ही पूरी तरह चालू होने पर ही इसमें सालाना 260 मिलियन यात्रियों को संभालने की प्रभावशाली क्षमता होगी। ये टर्मिनल बेहद खास है क्योंकि ये दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच गुना बड़ा है। बता दें कि दुबई एयरपोर्ट पहले से ही दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई केंद्रों में शुमार है। अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल पर निर्माण शुरू हो गया है। दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल–मकतूम ने कहा कि यह लगभग 35 बिलियन डॉलर (2.9 लाख करोड़ रुपये) की लागत से निर्मित एयरपोर्ट टर्मिनल होगा निर्माण के बाद ये दुनिया का सबसे बड़ा टर्मिनल बनेगा। संयुक्त अरब अमीरात के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि हमने अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए यात्री टर्मिनल के डिजाइन को मंजूरी दे दी है। एईडी 128 बिलियन (+ 34.85 बिलियन) की लागत से भवन का निर्माण शुरू कर रहे हैं।दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अध्यक्ष और ध्वजवाहक अमीरात के सीईओ शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम के अनुसार परियोजना का पहला चरण 10 वर्षों की अवधि के भीतर तैयार हो जाएगा, जिसमें सालाना 150 मिलियन यात्रियों को समायोजित करने की क्षमता होगी। वर्ष 2010 के बाद से, अल मकतूम हवाई अड्डे को खाड़ी वित्तीय केंद्र से हवाई यातायात का अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा प्राप्त हुआ है। ये हवाई अड्डा शहर के बाहरी इलाके में स्थित है। अधिकारी चाहते हैं कि यह दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का स्थान ले जो प्रति वर्ष 120 मिलियन यात्रियों को संभाल सकता है, लेकिन शहर के केंद्र में स्थित होने के कारण इसका विस्तार नहीं किया जा सकता है। ऐसा होगा नया टर्मिनल शेख मोहम्मद के अनुसार नए टर्मिनल में 400 गेट और पांच रनवे होंगे। पहली बार, दुबई का विमानन क्षेत्र नई विमानन टेक्नोलॉजी से परिचित होगा। ये एक बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। इसमें दुबई साउथ के हवाई अड्डे के आसपास एक पूरा शहर निर्मित होगा। इससे दस लाख लोगों के लिए आवास की मांग पैदा होगी। हम भावी पीढ़ियों के लिए एक नई परियोजना का निर्माण कर रहे हैं, जिससे हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए निरंतर और स्थिर विकास सुनिश्चित हो सके। दुबई दुनिया का हवाई अड्डा, इसका बंदरगाह, इसका शहरी केंद्र और इसका नया वैश्विक केंद्र होगा। बता दें कि हवाई अड्डा जिसकी लागत 128 बिलियन एईडी (+34.85 बिलियन) है, दुनिया की शीर्ष रसद और हवाई परिवहन कंपनियों को आकर्षित करेगा। दुबई की सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन एमिरेट्स के अध्यक्ष शेख अहमद के अनुसार, हवाईअड्डा प्रमुख वाहक एमिरेट्स और उसके बजट समकक्ष, फ्लाईदुबई के साथ–साथ दुबई को बाकी दुनिया से जोड़ने वाले अन्य सभी एयरलाइन भागीदारों के लिए एक नए केंद्र के रूप में काम करेगा। आने वाले वर्षों में दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सभी परिचालनों को नई मल्टीबिलियन–डॉलर परियोजना में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# जी7 जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई नहीं कर सकता ये दावा एकदम बकवास, क्लाइमेट चीफ बोले– नतीजे पहले से निर्धारित नहीं कर सकते



स्टील ने इटली में जलवायु, ऊर्जा और पर्यावरण पर जी7 मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि यह दावा करना पूरी तरह से बकवास है कि जी7 साहसिक जलवायु कार्यों का नेतृत्व नहीं कर सकता है या नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अक्सर मंचों पर सुनता हूं कि हम संभवतः बहुत आगे नहीं बढ़ सकते हैं, अन्यथा हम यूएनएफसीसीसी प्रक्रिया में बातचीत के नतीजे पहले से निध ारित नहीं करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख साइमन स्टिल ने सोमवार को जी7 देशों से जलवायु संकट के खिलाफ कार्रवाई तेज करने और पर्याप्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराने का आह्वान किया। स्टील ने इटली में जलवायु, ऊर्जा और पर्यावरण पर जी7 मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि यह दावा करना पूरी तरह से बकवास है कि जी7 साहसिक जलवायु कार्यों का नेतृत्व नहीं कर सकता है या नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अक्सर मंचों पर सुनता हूं कि हम संभवतः बहुत आगे नहीं बढ़ सकते हैं, अन्यथा हम यूएनएफसीसीसी प्रक्रिया में बातचीत के नतीजे पहले से निर्धारित नहीं करेंगे।जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के कार्यकारी सचिव, स्टिल ने कहा कि वैश्विक जलवायु वार्ता को रेखांकित करने वाली संयुक्त राष्ट्र प्रक्रिया के संरक्षक के रूप में, मैं मामले को स्पष्ट करने के लिए मजबूर हूं। सात या ळ7 सदस्य देशों के समूह में फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, जापान, इटली, कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। स्टिल ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह मंच, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं, अधिक साहसिक कदम उठाने के लिए सहयोग नहीं कर सकता है, जो वैश्विक जलवायु वार्ता के भीतर जो संभव है उसे बढ़ावा देगा। वर्तमान में ळ7 सामूहिक रूप से केवल नवीकरणीय क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य रख रहा है, एक स्वतंत्र ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर के विश्लेषण के अनुसार, तीन गुना करने के लिए 0.7 ॅ (टेरावाट) का अंतर छोड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बिल गेस्ट को बताया, पाकिस्तान पोलियो उन्मूलन के लिए कर रहा कड़ी मेहनत

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश पोलियो उन्मूलन के लिए अथक प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त पाकिस्तान के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सभी को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में पाकिस्तान में पोलियो एक गंभीर चुनौती है। जिसके कारण यह दुनिया के गिने–चुने देशों में शामिल है।इस्लामाबादधरियाद । प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान पोलियो उन्मूलन के लिए अथक प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त पाकिस्तान के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सभी भागीदारों को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। पाकिस्तान उन दो देशों में शामिल है, जहां पोलियो अभी भी एक गंभीर समस्या है। रियाद में विश्व आर्थिक मंच की एक विशेष बैठक से इतर शरीफ ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स के साथ टीकाकरण, पोषण और वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों में पाकिस्तान और फाउंडेशन के बीच चल रही गतिविधियों पर चर्चा की। एक बयान के मुताबिक, गेट्स ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के रूप में शरीफ के नेतृत्व में राज्य में चलाए गए टीकाकरण और पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम की प्रशंसा की। बयान के मुताबिक, फरवरी 2022 में गेट्स की पाकिस्तान यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें फिर से देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया तथा पाकिस्तान और गेट्स फाउंडेशन के बीच एक मजबूत साझेदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ काम जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# केन्या में एक बांध टूटने से 40 लोगों की मौत, कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति

पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई। ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना रहता है।अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। केन्या पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी स्टीफन किरुई ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध ा के ढहने के बाद हुई। ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। बांध टूटने के बाद पानी नीचे की ओर बहने लगा। केन्या में बीते कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ के कारण अब तक करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है और स्कूलों के खुलने में भी देरी हो रही है।



# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपहृत न्यायाधीश को मुक्त किया गया

न्यायाधीश का 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास अपहरण कर लिया गया था। न्यायाधीश के वाहन चालक को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया था। घटनास्थल से वाहन को भी बरामद कर लिया गया।पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों द्वारा अपहृत एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश को कैद से मुक्त कर दिया गया है। खैबर पख्तूनख्वा सरकार (केपीके) के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। न्यायाधीश का 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास अपहरण कर लिया गया था। न्यायाधीश के वाहन चालक को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया था। घटनास्थल से वाहन को भी बरामद कर लिया गया। केपीके पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने बताया कि न्यायाधीश को कैद से बिना शर्त मुक्त कर दिया गया और वह सुरक्षित एवं स्वस्थ घर पहुंच गए हैं। बैरिस्टर सैफ ने कहा कि केपीके सरकार सुरक्षा बलों के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ सफलतापूर्वक लड़ रही है। पुलिस ने एक दिन पहले कहा था कि न्यायाधीश के अपहरण की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है।



# अमेरिका में तीन पुलिस अधिकारियों पर गोली चलाने वाले संदिग्ध को मार गिराया गया

केन्नेर के पुलिस प्रमुख कीथ कॉनले ने कहा कि घायल अधिकारियों को न्यू ओर्लीन्स से करीब 25 किलोमीटर पश्चिम में केन्नेर में रविवार को सुबह गोली लगने के बाद एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमेरिका में लुइसियाना के तीन पुलिस अधिकारी एक संदिग्ध हमलावर के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गए। बाद में पुलिस के एक निशानेबाज (शार्पशूटर) ने संदिग्ध को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गय'डब्ल्यूजीएनओ–टीवी' के मुताबिक, शेरिफ जोसेफ लोपिंतो ने बताया कि जेफरसन पेरिश शेरिफ के कार्यालय के एक स्नाइपर ने केन्नेर में एक घर में संदिग्ध को मार गिराया। उसने घर में घुसने का प्रयास कर रहे तीन पुलिस अधिकारियों पर गोली चलायी थी।केन्नेर के पुलिस प्रमुख कीथ कॉनले ने कहा कि घायल अधिकारियों को न्यू ओर्लीन्स से करीब 25 किलोमीटर पश्चिम में केन्नेर में रविवार को सुबह गोली लगने के बाद एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। केन्नेर के पुलिस प्रवक्ता कैप्टन माइकल चुनिंगम ने बताया कि संदिग्ध हमलावर रविवार को हुई गोलीबारी की एक घटना में वांछित था जिसमें दो लोग घायल हो गए थे।




# समुंदर में बने देवदूत, कुछ इस तरह हूति विद्रोदियों के चंगुल से छुड़ा लिया आयल शिप

नौसेना के अनुसार, जहाज अगले बंदरगाह के लिए अपनी निर्धारित यात्रा को जारी रखे हुए है। बयान में कहा गया कि भारतीय नौसेना के जहाज की त्वरित कार्रवाई क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों की सुरक्षा में नौसेना की प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराती है।हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले के बाद भारतीय नौसेना ने 22 भारतीयों सहित 30 सदस्यीय चालक दल वाले एक तेल टैंकर पोत की सहायता की जिस पर पनामा का ध्वज लगा हुआ था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने 26 अप्रैल को पनामा–ध्वजांकित कच्चे तेल टैंकर एमवी एंड्रोमेडा स्टार पीएम पर हमले से जुड़ी एक घटना को टाल दिया गया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान के अनुसार, आईएनएस कोच्चि ने संकट का जवाब दिया। जहाज को भारतीय नौसेना के युद्धपोत द्वारा रोका गया था और कार्रवाई करके त्वरित सहायता की और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। नौसेना के अनुसार, जहाज अगले बंदरगाह के लिए अपनी निर्धारित यात्रा को जारी रखे हुए है। बयान में कहा गया कि भारतीय नौसेना के जहाज की त्वरित कार्रवाई क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों की सुरक्षा में नौसेना की प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराती है। गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्ध में छिड़ने के बाद से मालवाहक जहाजों पर हमले हो रहे हैं। कई समुद्री व्यापारियों को लाल सागर के विकल्पों पर विचार करने या अपनी व्यावसायिक परियोजनाओं को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। हालाँकि, उनमें से कुछ अभी भी उन्हीं मार्गों पर चल रहे हैं। ताजा घटनाक्रम इजराइल–हमास युद्ध के जवाब में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा किए गए अपहरण के प्रयासों के बीच सामने आया है। इससे पहले पिछले महीने की शुरुआत में 23 पाकिस्तानी नागरिकों वाले एक दल को भारतीय नौसेना ने बचाया था।मार्च नौसेना ने अरब सागर में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत एक व्यापारिक जहाज पर बचाव अभियान चलाया, जिसमें सात बुल्गारियाई नागरिकों सहित चालक दल के 17 सदस्यों को बचाया गया। बचाव अभियान की बुल्गारिया के राष्ट्रपति ने सराहना की और सफलतापूर्वक बचाव अभियान चलाने के लिए भारतीय नौसेना का आभार व्यक्त किया। अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमले का भारतीय नौसेना ने तुरंत जवाब दिया था। रिपोर्टों के अनुसार, अदन से लगभग 90 समुद्री मील दक्षिण–पूर्व में पार कर रहे जहाज ने ड्रोन या मिसाइल हमले के परिणामस्वरूप आग लगने की सूचना दी। क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा अभियानों में लगी भारतीय नौसेना की आईएनएस कोलकाता तुरंत 2230 बजे घटना स्थल पर पहुंची। नौसेना के जाबांजों का ऑपरेशन 14 दिसंबर 2023 को एमवी रुएन की हाईजैकिंग हुई, नौसेना ने हाईजैकर्स को खदेड़त हुए नाविकों को बचा लिया। 23 दिसंबर 2023 को एमवी चेम प्लूटो पर ड्रोन हमल हुआ। तुरंत एक्टिव होते हुए नौसेना ने एक्शन लिया। 04 जनवरी 2024 को एमवी लीला नॉरफोल्क की हाईजैकिंग के प्रयास को विफल किया गया। 17 जनवरी 2024 को एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोनधमिसाइल हमले के बाद तुरंत एक्शन। 26 जनवरी 2024 को एमवी मार्लिन लुआंडा पर मिसाइल अटैक. तुरंत एक्शन। 27ध्29 जनवरी 2024 को एसएलएफवी लोरेंजा पुथा की हाईजैकिंग रोकी। 28ध्29 जनवरी 2024 को एफवी इमान और एल नईमी की हाईजैकिंग को रोका। 29 जनवरी 2024 को एफवी ओमारी की हाईजैकिंग रोकी। 22 फरवरी 2024 को एमवी आईलैंडर पर मिसाइल अटैक, तुरंत एक्शन हुआ। 04 मार्च 2024... एमवी एमएससी स्काई–2 पर मिसाइल अटैक, तुरंत एक्शन। 06 मार्च 2024... एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर मिसाइल अटैक, तुरंत एक्शन। 29 मार्च 2024 को अल–कंबर जहाज से सभी क्रू छुड़ाए गए. 9 लुटेरों को गिरफ्तार किया गया।

# युद्ध के बीच फिर से पश्चिम एशिया की यात्रा पर पहुंच रहे हैं



अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फिर से पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा शुरू कर दी है। छह महीने पहले शुरु हुए इजराइल–हमास युद्ध के बाद से इस क्षेत्र का यह उनका सातवां राजनयिक मिशन है जिसमें वह इजराइल की यात्रा भी करेंगे। इस युद्ध में अबतक करीब 34,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।रियाद । अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा शुरू की। करीब छह महीने पहले इजराइल–हमास युद्ध के शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र का यह उनका सातवां राजनयिक मिशन है जिसमें वह इजराइल की यात्रा भी करेंगे। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए घातक हमले के बाद से युद्ध जारी है। इसमें 34,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और गाजा में मानवीय संकट गहरा रहा है। इस युद्ध के बाद दुनियाभर में प्रदर्शन हुए हैं और हिंसा की आंच अमेरिका में कॉलेजों के परिसरों तक पहुंच गई है। इजराइल के लिए अमेरिका के समर्थन की आलोचना भी हो रही है। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा में सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल का दौरा करेंगे। उनकी इस यात्रा से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को फोन पर इजराइल के प्रध ानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। ब्लिंकन की यात्रा पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति को लेकर नए सिरे से सामने आईं चिंताओं के बीच हो रही है। अमेरिका के विदेश मंत्री इस यात्रा में इजराइल–हमास युद्ध विराम पर, गाजा के लिए मानवीय सहायता पर, गाजा के भविष्य और इजराइल–सऊदी अरब के रिश्तों को सामान्य करने पर बातचीत कर सकते हैं।

# खालिस्तान समर्थक नारे, मुस्कुराते आए नजर, सिखों से कहा– हम करेंगे आपकी रक्षा

जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि विविधता कनाडा की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है और देश मतभेदों के बावजूद नहीं बल्कि उन मतभेदों के कारण मजबूत है। कनाडा की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक इसकी विविधता है। हम अपने मतभेदों के बावजूद नहीं, बल्कि अपने मतभेदों के कारण मजबूत हैं। ट्रूडो ने कहा कि लेकिन जब हम इन मतभेदों को देखते हैं, तो हमें याद रखना होगा, और इस तरह के दिनों में याद दिलाना होगा।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जब रविवार को टोरंटो में एक कार्यक्रम में सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े तो भीड़ में से खालिस्तान के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए। इस दौरान ट्रूडो मुस्कुराते नजर आए। कार्यक्रम में कनाडाई प्रधानमंत्री ने कसम खाई कि उनकी सरकार देश में सिख समुदाय के अधिकारों की हमेशा रक्षा करेगी। जस्टिन ट्रूडो टोरंटो शहर में खालसा दिवस परेड में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिख विरासत के लगभग 800,000 कनाडाई लोगों के लिए, हम आपके अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे और हम हमेशा नफरत और भेदभाव के खिलाफ आपके समुदाय की रक्षा करेंगे।जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि विविधता कनाडा की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है और देश मतभेदों के बावजूद नहीं बल्कि उन मतभेदों के कारण मजबूत है। कनाडा की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक इसकी विविधता है। हम अपने मतभेदों के बावजूद नहीं, बल्कि अपने मतभेदों के कारण मजबूत हैं। ट्रूडो ने कहा कि लेकिन जब हम इन मतभेदों को देखते हैं, तो हमें याद रखना होगा, और इस तरह के दिनों में याद दिलाना होगा। कनाडाई पीएम ने यह भी कहा कि देश सामुदायिक केंद्रों और गुरुद्वारों सहित पूजा स्थलों पर अधिक सुरक्षा जोड़कर सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के कार्यक्रमों को बढ़ा रहा है। ट्रूडो ने आश्वासन देते हुए कहा कि स्वतंत्र रूप से और बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन करने का आपका अधिकार बिल्कुल वैसा ही है। कनाडाई चार्टर ऑफ राइट्स एंड फ्रीडम में एक मौलिक अधिकार की गारंटी दी गई है, जिसके लिए हम हमेशा खड़े रहेंगे और आपकी रक्षा करेंगे।

# अगले साल होने वाली चैंपिम्यंस के लिये ट्रापी ने लाहौर, कराची, रावलपिंडी को चुना



अगले साल होने वाली चौम्पियंस ट्रॉफी के लिये पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। चौम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल फरवरी मार्च में हो सकता है। लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चौम्पियंस ट्रॉफी के लिये कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चौम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा ,'' हमने आईसीसी चौम्पियंस ट्रॉफी के मैचों के लिये शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही। उन्होने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी।'' पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था। भारत के मैच श्रीलंका में कराये गए थे जबकि टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था।

# लोग उसे भगवान समझते हैं... विराट कोहली के आलोचकों पर बरसे नवजोत सिंह सिद्धू

विराट कोहली की स्ट्राइक रेट और स्पिनरों के खिलाफ उनके खेल के तरीके पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हर्षा भोगले से लेकर सुनील गावस्कर तक विराट कोहली की स्ट्राइक रेट पर सवाल खड़े कर चुके हैं। कोहली के आलोचकों का जवाब देने का जिम्मा टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट नवजोत सिंह सिद्धू ने उठाया है।आईपीएल के 17वें सीजन में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट और स्पिनरों के खिलाफ उनके खेल के तरीके पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हर्षा भोगले से लेकर सुनील गावस्कर तक विराट कोहली की स्ट्राइक रेट पर सवाल खड़े कर चुके हैं। हालांकि, अभी भी ऑरेंज कैप उनके सिर पर सजी हुई है। उन्होंने अभी तक इस सीजन में 500 रन बनाए हैं और उन्होंने ये रन 147.49 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। विराट कोहली के आलोचकों का जवाब देने का जिम्मा टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट नवजोत सिंह सिद्धू ने उठाया है। सिद्धू ने कोहली के आलोचकों को जमकर लताड़ा है। सिद्धू ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि, लोग सोचते हैं कि विराट कोहली भगवान हैं, वह इंसान है, तो वो इंसान की तरह ही खेलता भी है। उनका आलोचना करने के अलावा हम इस बात पर क्यों ध्यान नहीं



देते कि उन्होंने 80 शतक लगाए हैं। ये उनका मजबूत पक्ष है और उनकी कमोजीर तो कुछ है ही नहीं। अगर आप ध्यान से देखेंगे तो गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसने स्पिनरों के खिलाफ बैकफुट पर खेला और गेंद को लॉफ्ट किया। आप बताइए कितने लोग ऐसा कर सकते हैं। लेफ्ट आर्म स्पिनर को स्पिन के खिलाफ कितने लोग हिट कर सकते हैं? आप उनसे और क्या कराना चाहते हैं? विराट कोहली के स्ट्राइक रेट की आलोचनाओं को लेकर पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि, मैं आजकल बस स्ट्राइक रेट के बारे में सुनता हूं, लोग कोहली के पीछे पड़े हुए हैं। बॉस 7 से 15 ओवर के बीच में स्लो डाउन होना लाजमी है, स्पिनरों का इकॉनमी रेट, पेसर से कम होता है क्योंकि वे बीच के ओवरों में गेंदबाजी करते हैं।

# अश्वस्ट्रेलिया की टीम से कटेगा स्टीव स्मिथ का पत्ता ? जेक फ्रेजर–मैकग्रुक को मिलेगा मौका

बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फैब 5 बैटर मेन इन येलो के साथ यूएसए और वेस्टइंडीज की यात्रा नहीं करेगा। लेकिन 22 वर्षीय जेक फ्रेजर–मैकगर्क को टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जा सकता है।ऑस्ट्रेलियाई अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फैब 5 बैटर मेन इन येलो के साथ यूएसए और वेस्टइंडीज की यात्रा नहीं करेगा। लेकिन 22 वर्षीय जेक फ्रेजर–मैकगर्क को टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जा सकता है।स्टीव स्मिथ पिछले कुछ समय से टी20 क्रिकेट में खराब प्रदर्शन कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के बावजूद स्टीव स्मिथ को टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं चुना जाना तय है। टेस्ट और वनडे में शानदार बल्लेबाजी करने वाले बल्लेबाज स्मिथ टी20 में प्रभाव डालने में अभी तक नाकामयाब नजर आए हैं। जहां स्टीव स्मिथ को बाहर का रास्ता दिखाय जा सकता है, वहीं युवा जेक फ्रेजर–मैकग्रुक को उनकी टी20 वर्ल्ड कप के कप ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जाना तय माना जा रहा है। 22 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल 2024 में अपने पहले सीनज में दिल्ली कैपिटल्स के लिए लगातार तबाड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए रन बना रहा है।



# भारत टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में नजरें केएल राहुल पर

भारतीय टीम के टी20 विश्व कप के लिये चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा। जब उनकी टीम अगले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उतरेगी। राहुल का स्ट्राइक रेट टी20 क्रिकेट में चिंता का सबब रहा है। लखनऊ । टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आये हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144 . 27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160 . 60 और संजू सैमसन का 161 . 08 रहा है। पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में



लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। उनके सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है जिसे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने रविवार को मैदान के चारों ओर धुना था। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो काफी महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# चद घंटों का इंतजार और.. टी20 वर्ल्ड कप के लिए हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों का ऐलान शुरू हो गया है। अभी तक न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हुआ है, वहीं आज भारतीय टीम की घोषणा भी हो सकती है। रविवार को रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ और चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर के बीच भारतीय स्क्वॉड को लेकर बैठक हुई। आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों का ऐलान शुरू हो गया है। अभी तक न्यूजीलैंड टीम का ऐलान



हुआ है, वहीं आज भारतीय टीम की घोषणा भी हो सकती है। रविवार को रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ और चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर के बीच भारतीय स्क्वॉड को लेकर बैठक हुई। दरअसल, सभी देशों को एक मई तक अपने–अपने स्क्वॉड इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को सौंपने हैं। आईपीएल में मुंबई इंडियंस का अगला मैच 30 अप्रैल को लखनऊ के खिलाफ होगा। दूसरी ओर टी20 वर्ल्ड कप के लिए सभी देशों को 1 मई तक अपनी टीमों का ऐलान करना है। वहीं रविवार को हुई बैठक में कप्तान रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ और अजित अगरकर ने दिल्ली में बैठक में यूएसए जाने वाले नामों पर मुहर लगाई, जिसके बाद अजित अगरकर

# गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने के कारण ही गायकवाड को मिली सफलता – हसी

रूतुराज गायकवाड़ को लेकर चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही उन्हें आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली। बता दें कि पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाये थे। चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही रूतुराज गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली। पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाये। हस्सी ने सनराइजर्स पर मिली जीत के बाद कहा ,'' गायकवाड़ इतना शानदार खिलाड़ी है। मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है।''उन्होंने कहा ,'' वह चतुर बल्लेबाज है। उसे पता है कि कब आक्रामक खेलना है और कब नहीं। वह स्पिन और सीम दोनों को बखूबी खेल लेता है और मैदान के चारों ओर रन बनाता है।'' उन्होंने कहा ,'' वह हमेशा गेंदबाजों से एक कदम आगे रहता है। उसकी बल्लेबाजी देखने में मजा आता है। हम खुशकिस्मत हैं कि वह हमारी टीम में है।'' यह पूछने पर कि गायकवाड़ ने कप्तानी को किस तरह से संभाला है , हस्सी ने स्वीकार किया



# पीसीबी ने चैंपियंस ट्रापी के लिए आईसीसी को भेजा शेड्यूल, भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान!

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी को शेड्यूल भेज दिया है। जिसमें भारत सहित सभी मैचों की मेजबानी पाकिस्तान के भीतर करने की योजना बनाई गई हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान में पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करने की बोर्ड की इच्छा व्यक्त करते हुए, कार्यक्रम शेड्यूल करने की पुष्टि की। पीसीबी यानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी को शेड्यूल



भेज दिया है। जिसमें भारत सहित सभी मैचों की मेजबानी पाकिस्तान के भीतर करने की योजना बनाई गई हैं। चौंपियंस ट्रॉफी का नौवां सीजन जिसमें टॉप 8 वनडे टीमें शामिल होंगी। जिसकी शुरुआत फरवरी और मार्च 2025 में होगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान में पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करने की बोर्ड की इच्छा व्यक्त करते हुए, कार्यक्रम शेड्यूल करने की पुष्टि की। इस दौरान नकवी ने कहा कि, हम पाकिस्तान में पूरी चौंपियंस ट्रॉफी चाहते हैं। हमने पहले ही आईसीसी को कार्यक्रम सौंप दिया है। आईसीसी सुरक्षा टीम पाकिस्तान आई और वे व्यवस्थाओं से बेहद खुश थे। चौंपियंस ट्रॉफी से पहले ये सवाल लगातार सुर्खियों में बना हुआ है कि क्या टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेंगी? हाल ही में आई कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि, भारतीय टीम ने चौंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया। हालांकि, अभी आधिकारिक तौर पर इसको लेकर कोई जानकारी नहीं आई है।

# अपनी डाइट में शामिल करें स्ट्राबेरी का जूस, मिलेंगे स्वस्थ त्वचा समेत ये स्वास्थ्य लाभ

गर्मियों में आप स्वस्थ जूस की तलाश कर रहे हैं तो स्टॉबेरी जूस को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। स्ट्रॉबेरी का जूस पोषण और स्वाद का बढिया मिश्रण है, जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है और संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखता है।यह विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और पोटैशियम से भरपूर होता है। इसमें पानी की मात्रा भी अधिक होती है, जिसके चलते यह जूस शरीर को हाइड्रेटेड रखता है।आइए जानते हैं स्ट्रॉबेरी जूस से मिलने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ।वजन घटाने में करता है मददस्ट्रॉबेरी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और एलेजिक एसिड मौजूद होता है। ये दोनों खनिज अपने सूजन कम करने वाले गुणों और वजन घटाने से संबंधित हार्मोन को नियमित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं।स्ट्रॉबेरी के जूस का सेवन करने से शरीर में एडिपोनेक्टिन संश्लेषण को बढ़ावा मिलता है , जो वसा को जलाकर चयापचय में सुधार करता है।स्ट्रॉबेरी से



बनी ये 5 रेसिपी खाकर बच्चों से लेकर बड़े भी खुश हो जाएंगे।

त्वचा में आता है निखारस्ट्रॉबेरी का जूस पीना निखरी त्वचा पाने में आपकी मदद कर सकता है। इसमें पाया जाने वाला अल्फा–हाइड्रॉक्स एसिड त्वचा को प्राकृतिक तरीके से एक्सफोलिएट करने और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में सहायक साबित होता है।साथ ही स्ट्रॉबेरी जूस में मौजूद सैलिसिलिक और एलेजिक एसिड मुंहासों, काले धब्बों और हाइपरपिग्मेंटेशन को कम करने के लिए जाना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और सोडियम एस्कॉर्बिल फॉस्फेट के कारण त्वचा में निखार आता है।स्वस्थ गर्भावस्था


गर्भवती महिलाओं के लिए स्ट्रॉबेरी जूस का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह जूस फोलेट का एक अच्छा स्रोत होता है, जो गर्भावस्था के दौरान माओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी होता है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार इसके सेवन से न्यूट्रल ट्यूब दोष को रोका जा सकता है, जो तंत्रिका का एक गंभीर जन्म दोष है।गर्भावस्था के दौरान इन चीजों को अपने पास जरूर रखें।मानसिक स्वास्थ्य होता है दुरुस्तअगर आपको रोजाना तनाव और चिंता महसूस होती है तो डाइट में स्ट्रॉबेरी का जूस जोडने से फायदा मिल सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मस्तिष्क के ऊतकों को मुक्त कणों से बचाते हैं।इसके अलावा स्ट्रॉबेरी का जूस एंथोसायनिन से भरपूर होता है, जिसे पीने से मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त किया जा सकता है।

# जानें केला खाना कब खतरनाक, क्यों शरीर के लिए जहर बन जाता है इतना फायदेमंद फल

केला वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करता है. चूंकि वात बिगडने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं.ऐसे में केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है. हालांकि, कई बार केला खाना नुकसान कर सकता है.

केला वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करता है. चूंकि वात बिगडने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं.ऐसे में केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है. हालांकि, कई बार केला खाना नुकसान कर सकता है.केला खाने से एक–दो नहीं बल्कि 80 तरह की बीमारियां दूर हो सकती है. यह काफी पौष्टिक और फायदेमंद फल है. इसे खाने से शरीर ताकतवर बनता है और कई तरह समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है.

हालांकि, कई बार यह खतरनाक भी हो सकता है और सेहत को नुकसान पहुंचाने लगता है. यही कारण है कि आयुर्वेद में कुछ लोगों को केला



खाने से मना किया जाता है. आइए जानते हैं किन लोगों को केला भूलकर भी नहीं खाना चाहिए...हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, केला सेहत का सच्चा दोस्त होता है. यह पौष्टिक तत्वों का खजाना होता है. इसमें विटामिन सी, फाइबर, पोटैशियम, मैंगनीज, विटामिन बी 6, एंटीऑक्सीडेंट ग्लूटाथियोन, फेनोलिक्स, डेल्फिडिनिन, रुटिन और नारिंगिन पाया जाता है, जो वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करते हैं.

आयुर्वेद कहता है कि वात के बिगडने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं. इसमें ड्राइनेस, हड्डियों में गैप, कब्ज जैसी कई समस्याएं हैं. इसलिए केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है.

वैसे तो केला हर किसी को फायदेमंद माना जाता है. हालांकि, आयुर्वेद के अनुसार, केले की प्रकृति ठंडा होता है और यह पचने में हैवी होता है. केला लुब्रिकेशन का काम भी करता है. अगर किसी की बॉडी ड्राई रहती है या हमेशा थकान लगती है तो उसे केला खाना चाहिए. इसके अलावा अच्छी नींद न आने, गुस्सा आने, बहुत प्यास लगने, शरीर जलन होने पर केला खाना चाहिए.

आयुर्वेद के मुताबिक, केला कफ दोष को बढ़ा देता है. इसलिए जिनका कफ ज्यादा है, उन्हें केला गलती से भी नहीं खाना चाहिए. क्योंकि कफ के बढने से जठराग्नि कमजोर है तो यह उसे स्लो कर देगा. अगर किसी की चर्बी ज्यादा है, खांसी–जुकाम की समस्या है और कोई दमा का मरी है तो उसे केला नहीं खाना चाहिए.

# सड़क सुरक्षा परववाड़ा के तहत चालक/परिचालक, तकनीकी कार्मिक, लिपिकीय कार्मिक का किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत देवरिया डिपो बस स्टेशन पर चालकध्परिचालक, तकनीकी कार्मिक, लिपिकीय कार्मिक आदि का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण सीएमओ डा राजेश झा द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में डॉ राकेश कुमार नेत्र सर्जन, डॉक्टर अंकित सर्जन और डॉक्टर अदिति नेत्र सर्जन के द्वारा किया गया।इस मौके पर देवरिया डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद इरफान, यात्री कर अधिकारी अनिल कुमार तिवारी, सीनियर फोरमैन रमेश सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी, संचालन प्रभारी दीनानाथ मिश्रा,अनुबंधित बस संचालन लिपिक विवेक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।




# मेहंदी, स्लोगन एवं पेंटिंग बनाकर छात्रों ने किया मतदाताओं को जागरूक

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारीध्स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत सोमवार को कंपोजिट विद्यालय भरौली में छात्रों ने मेहंदी, स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी पांडेय ने बताया कि छात्र मतदान संबंधी स्लोगन एवं पेंटिंग अपने घरों पर लगाएंगे जिससे ग्रामवासी एक जून को मतदान हेतु जागरूक होंगे। मेहंदी प्रतियोगिता में ऋतु सैनी, रिंजु, अमृता रंगोली प्रतियोगिता में साधना, अल्पना, लक्की स्लोगन प्रतियोगिता में शुभम, सत्यम, नंदनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वीप मीडिया प्रभारी शिखर शिवम त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमुदाय को मतदान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में बीएलओ प्रकाश सिंह, गीता सिंह, प्रमोद कुमार, मालती कुमारी, रीना सिंह, राकेश पांडेय, विद्यालय की रसोईया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। पथरदेवा में अभिषेक पांडेय ने डोर टू डोर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन वितरित किए एवं एक जून को मतदान की शपथ दिलाई।



# एक मोटरसाइकिल, एक अदद पिस्टल व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार।

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। सोमवार को श्रीमान पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में थाना तरकुलवा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान बंजरिया मोड़ के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त से पूँछताछ करने पर अपना नाम पता रणजीत यादव पुत्र बसंत यादव निवासी कैथवलिया थाना तरकुलवा जनपद देवरिया बताया गया। अभियुक्त के पास से एक अदद पिस्टल 32 बोर व एक अदद 32 बोर जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामद बुलेट मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि बुलेट मोटरसाइकिल को मेरे द्वारा बहुत पहले बिहार के विजयीपुर से चोरी किया गया है तथा इसका नम्बर प्लेट भी बदल दिया गया है। पुलिस टीम द्वारा बरामद बुलेट मोटरसाइकिल, बरामद पिस्टल व कारतूस को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है।




# फसलों की सिचाई के लिये मुफ्त बिजली– पवन मिश्रा

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पथरदेवा विधानसभा के भटनी बुजुर्ग गांव के शिव मंदिर परिसर में लोकसभा देवरिया के भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि के समर्थन में किसान चौपाल का आयोजन किया गया।किसान चौपाल को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार किसानों के खुशहाली और समृद्धि के लिये निरन्तर कार्य कर रही है, प्रदेश में किसानों को फसलों की सिचाई के लिये निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे फसलों की सिचाई की समस्या से किसानों को राहत मिली है।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों की फसलों का उचित मूल्य निर्धारण कर उनकी आमदनी को दुगुना कर रही है, मोदी सरकार ने देश के किसानों के कृषि कार्य में सहायता के लिये किसान कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनको लाभान्वित कर रही है।किसान चौपाल को भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने उपस्थित लोगों को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित कर 2024 में पुनः मोदी सरकार के लिये आशीर्वाद मांगा।कार्यक्रम का संचालन मुन्ना पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सज्जन तिवारी, मुकेश राय, प्रभुनाथ पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, आयुष यादव, पप्पू तिवारी, डॉ विनोद पाण्डेय, संगीता कुशवाहा , चन्द्रभान सिंह, पुरुषोत्तम मिश्र, अरविंद तिवारी, अनवर अहमद , विष्णु पाण्डेय, राजन राव, सुनील दुबे, चन्द्र प्रकाश दुबे उपस्थित रहे।



# मायके जाने के लिए पति के दो सौ रुपए देने से क्षुब्ध होकर पत्नी ने उठाया यह कदम

चित्रकूट(आरएनएस)। मां को मायके जाने के लिए बेटे के रुपए देने से क्षुब्ध पत्नी ने दो मासूम बच्चों को लेकर कुंए में कूद गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यह देख परिजन व ग्रामीण वहां पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाहर निकाला, लेकिन तीनों की मौत हो चुकी थी। एसपी, एएसपी, एसडीएम, सीओ पुलिस बल के साथ जाकर घटना के बारे में जानकारी की। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा।ये हृदयविदारक घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के झलमल गांव में सोमवार की दोपहर हुई। बताया गया कि अंजू देवी (22) पत्नी सबित कोल अपने आठ माह के दुधमुहे बेटे सुदीप व मासूम सुधीर (3) को लेकर कुंए में कूद गई। जिससे तीनो की मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे एसपी अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम पंकज वर्मा, सीओ जयकरन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से तीनो शवों को बाहर निकाला। तहसीलदार ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा। बताया गया कि पति सबित कोल ने नाना की तबियत खराब होने पर अपनी मां को मायके बरगढ़ जाने के लिए दो सौ रुपए दे दिए थे। पैसा देना पत्नी अंजू को नागवार गुजरा और पति से कहासुनी हुई। पति किसी काम से गांव की ओर चला गया था। वापस आने पर जब बच्चो और पत्नी को घर में नहीं देखा तो आसपास पूछा। खोजबीन करने पर पता चला कि कुंए में शव पड़े हैं। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। एसपी ने बताया कि पति के मुंह में कुछ लगा होने पर मरहम पट्टी कराने गया था। फारेंसिंक व डाग स्क्वायर्ड टीम से जांच कराई गई है। मायके पक्ष का इंतजार किया जा रहा है। तथ्यों के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम अन्य मदद दिलाने की कार्यवाही करेंगें। एसडीएम ने बताया कि पति के मां को पैसे देने से नाराज पत्नी कुंए में कूद गई। अन्य पहलुओ की जांच कराई जा रही है।

# पत्नी की बेवफाई से आजिज आकर युवक ने कुंए में कूदकर जान दी

नेवादा, कौशाम्बी। सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के भखंदा उपरहार गांव में रविवार रात पत्नी की बेवफाई से आजिज आकर युवक ने कुंए में कूदकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को कुंए से बाहर निकाला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। भखंदा उपरहार गांव निवासी लल्ला (38) पुत्र भुल्लर सिंह किसानी करता था। लल्ला के दो बच्चे हैं। एक बेटी पांच साल की और एक बेटा तीन साल का है। परिजनों के अनुसार शनिवार को उसकी पत्नी करारी थाना इलाके के एक गांव निवासी रिश्तेदार के साथ बच्चों को छोड़कर फरार हो गई। खोजबीन के बाद सुराग लगा कि वह रिश्तेदार युवक के साथ फरार हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद उसे गहरा सदमा लग गया। उसने दोनों बच्चों को पड़ोसी गांव पन्ना का पूरा उनके ननिहाल भेज दिया। रविवार देर शाम उसने सोशल मीडिया पर पत्नी की फोटो सिंदूर भराते हुए देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने पत्नी की बेवफाई से आजिज आकर गांव के बाहर स्थित कुंए में कूद गया। इससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद लल्ला के शव को कुंए से बाहर निकाला। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर विनीत सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी मामले में तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# खंभे से निकली चिंगारी से घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के हरिश्चंद्र पुत्र दुल्लू प्रसाद दीक्षित के घर में सोमवार की सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर लगे बिजली के खंभे से हुई शार्ट सर्किट के कारण निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने भयानक रूप ले लिया। गृहस्वामी गांव के अंदर बने दूसरे मकान में खाना खाने गया हुआ था। अगल बगल के ग्रामीणों ने आग की लपट देख इकट्ठा होकर पास के गड्ढे में भरे पानी से आग बुझाने में जुट गए। इधर किसी ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी। आधा घंटा देरी से पहुंचे दमकल कर्मियों ने सुलग रही आग पर पानी की बौछार कर आग को शांत किया। गृह स्वामी ने बताया की घर में रखा 80 कुंतल गेंहू, भूसा, 10 बोरी डीएपी खाद, एक फ्रीडम फाइटर बाइक, एक इंजन, दो तखत, बिस्तर व गृहस्थी का सभी सामान जलकर राख हो गया। जले हुए अनाज और सामान की कीमत लगभग दो लाख की आंकी जा रही है।

# एक सप्ताह में सचिव जारी करें जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल

चित्रकूट(आरएनएस)। जिला पंचायतराज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि प्रायः देखा जा रहा है कि भीषण गर्मी में दूरदराज से ग्रामीण जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल आदि के लिये विकासखण्ड कार्यालय के साथ जनपद कार्यालय में प्रत्यावेदन देने के लिये आते हैं। जिससे उन्हे वांछित सूचना प्राप्त करनें में अत्यधिक समय लगने के अलावा परेशान होना पड़ता है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणो ने अवगत कराया है कि सम्बन्धित सचिय ग्राम पंचायत ग्राम में मिलते नहीं है और विकासखण्ड में भी कई बार चक्कर लगाने के बाद मिलते है तो प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं करते। कतिपय नियम बताकार उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने को कहते हैं। यह स्थिति अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। ऐसे में सचिव ग्राम पंचायत को समयबद्ध रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश पारित किये गए हैं। जिसमें अपनी तैनाती के ग्राम पंचायत भवन में व्यवस्था सुनिश्चित करें। एक सप्ताह में समस्त औपचारिकता पूरी करते हुये सम्बन्धित को नकल, प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दें। प्रार्थना पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था निर्धारित करने पर स्थल, समय, प्राप्तकर्ता के विवरण सहित सूचना ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें और ग्राम में डिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। प्रत्येक माह की 25 तारीख को सम्बन्धित सचिव ग्राम पंचायत द्वारा सहायक विकास अधिकारी सहित अपर जिला पंचायतराज अधिकारी को माह की 24 तारीख तक प्राप्त, निस्तारित, लम्बित आवेदनों की सूचना देंगें। कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बस्तने वाले कार्मिका का विवरण मय साक्ष्य कार्यवाही आदि के लिए अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को नामित किया गया है।

# बिजली कर्मियों के रवैए से ग्रामीणों में आक्रोश

सिराथू, कौशाम्बी। बिजली के खंभे से निकली चिंगारी से लगी आग के कारण ग्रामीणों में आक्रोश रहा। पीड़ित ने बताया की पिछले एक सप्ताह से बिजली कर्मचारियों से खंबे से दिए गए कनेक्शनों के ऊपर बाक्स लगाने का निवेदन कई बार किया गया लेकिन लापरवाह कर्मियों ने उसमें बाक्स नही लगाया जिसके कारण यह हादसा हो गया। यदि बिजली कर्मियों ने बाक्स लगाकर कनेक्शन दिया होता तो शार्ट सर्किट से बचा जा सकता था और यह हादसा न हो पाता।

# चिल्ला शहबाजी में रोल प्ले कर मतदान के लिए किया जागरूक

कौशाम्बी। विकास खंड चायल के कंपोजिट विद्यालय चिल्ला शहबाजी में सोमवार को छात्रों ने रोल प्ले करते हुए मतदान के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षकों को उपस्थिति में छात्रों ने मतदान प्रक्रिया का रोल प्ले किया जिसमें बच्चे पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी का रोल प्ले कर अन्य बच्चों को मतदाता के रूप से आमंत्रित कर मतदान प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। उसके बाद बच्चों ने मतदाता जागरूकता स्लोगन एवं चार्ट के साथ रैली निकालते हुए मतदान के प्रति प्रेरित किया। बच्चों बनाई गई मतदान सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान अचानक से बूथ निरीक्षण के लिए पहुंची नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने बच्चों के द्वारा किए जा रहे रोल प्ले जागरूकता कार्यक्रम को देख उन्हे प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा की सभी बच्चे अपने अपने माता पिता को भी इसी प्रकार प्रेरित करते हुए मतदान करने के अवश्य जागरूक करें। जागरूकता कार्यक्रम को प्रधानाध्यापिका ऊषा मिश्रा, पूनम सिंह, हेमलता मिश्र, अंजली शर्मा , कृष्ण कुमार व शिप्रा गुप्ता ने सहयोग प्रदान किया।

# –डीएम–एसपी ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

चित्रकूट(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराने को लेकर ऑडिटोरियम के सभागार में चित्रकूट व मानिकपुर विधानसभा के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक संपन्न हुई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि तीन बार निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है। क्षेत्र व पोलिंग पार्टियों का रूट चार्ट अच्छी तरह से समझ ले। 19 और 20 मई मुख्य दिन है। पोलिंग पार्टियां रवानगी व मतदान के दिन अच्छा कार्य करेंगे। जो अधिकारी फोन करें तो उसको रिसीव अवश्य करें। मतदान के दिन सक्रिय रहना है। मतदान समाप्ति के बाद स्ट्रांग रूम में सभी पार्टियों को लाकर चुनाव सामग्री जमा कराएंगे। मतदान के दौरान अगर कहीं मशीन खराब होती है तो तत्काल उसको बदले। कोई समस्या है तो संबंधित उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी को अवगत कराया जाए।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पोलिंग संबंधी जो भी गतिविधियां है उसमें पीठासीन तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट ही ऐसा अधिकारी है जो मतदान केंद्र का बार–बार भ्रमण करता है और कोई समस्या आती है तो वही निस्तारण करते हैं। पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। जनपद में 87 सेक्टर बनाए गए हैं। उन सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ संबंधित थानों के भी कुछ पुलिस फोर्स लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक जब जनपद में आएंगे तो उनके द्वारा भी मतदान केंद्र व क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। सभी लोग पारदर्शिता के साथ निर्वाचन को निर्भीक होकर संपन्न कराएं। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अगर अभी भी किसी को कोई समस्या हो तो वह बताएं। तत्काल निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में एडीएम उमेशचंद्र निगम, सदर एसडीएम सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजपुर निष्ठा उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए सबका दाता राम

कौशाम्बी। संवत 1631 (सन 1574) में जन्मे सूफी संत मलूकदास ऐसे महान संत का जन्मदिन सोमवार को मनाया गया। कड़ा स्थित मलूक साधना स्थल पर 450 वें जन्मदिन पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।संवत 1631 की वैशाख बदी 5 को कड़ा के कक्कड़ खत्री सुंदरदास के घर में जन्मे संत मलूकदास के बचपन का नाम मल्लू था। बचपन से ही अत्यंत उदार एवं कोमल हृदय के मल्लू खास पढ़े–लिखे नहीं थे। इनके प्रथम गुरू पुरुषोत्तम थे। मलूकदास ने दीक्षा मुरारी स्वामी से ग्रहण की थी। संवत 1739 की वैशाख बदी 14 (सन 1682) में कड़ा में ही इनका देहांत हुआ। संत मलूकदास की अलखबानी, गुरुप्रताप, ज्ञानबोध, पुरुषविलास, भगत बच्छावली, भगत विरुदावली, रतनखान, रामावतार लीला, साखी, सुखसागर तथा दसरत्न समेत 21 रचनाओं का विशेष उल्लेख मिलता है। इनकी रचनाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि इन्हें परमात्मा के अस्तित्व में प्रबल आस्था थी। मलूकदास ईश्वर नाम के स्मरण को विशेष महत्व देते थे। कड़ा स्थित मलूक साधना स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। संस्था के सचिव शिवाकांत पांडेय ने बताया कि संत मलूकदास के देश–प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद तमाम अनुयाइयों का साधना स्थली पर जमावड़ा लगता है।

# मनुष्य जीवन दुर्लभ, भगवान से जुड़े रहने से होगा कल्याणरू नवलेश

चित्रकूट(आरएनएस)। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का रसपान भागवत पीठ परिक्रमा मार्ग कामदगिरी की तलहटी मे चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा के पंचम दिवस में भागवत रत्न आचार्य नवलेश महाराज ने श्रोताओं को कराया।उन्होंने बताया कि भगवान की बाल लीला पांचो तत्वों को शुद्ध करती है। पृथ्वी तत्व मिट्टी खाकर, जल तत्व काली नाग को नाथ कर, वायु तत्व को शुद्ध किया। दशम स्कंध भगवान का प्राण है।

# मार्ग हादसे में कौशाम्बी के डीसीएम चालक सहित दो की मौत, एक जख्मी

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी व कडा धाम कोतवाली क्षेत्र के तीन लोग डीसीएम से तरबूज बेचने के लिए बनारस गए थे जहां टैंकर की भिडंत से चालक सहित दो लोगो की मौत हो गई व एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसे की खबर मृतक के घरवालों को मिली तो घर परिवार में कोहराम मच गया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के मोचारा के कड़ा तीर निवासी रमेश उर्फ लखन यादव पुत्र धर्मपाल 38 वर्ष डीसीएम चालक है। लखन यादव रविवार को डीसीएम में सैनी कोतवाली क्षेत्र के महेशपुर चकिया निवासी अजीत कुमार पुत्र चंद्रपाल 30 वर्ष व कड़ा धाम थाना क्षेत्र के रामपुर बढ़नावा निवासी सुरेश पुत्र जगन्नाथ 35 वर्ष के साथ तरबूज लेकर बनारस के कछुआ जा रहे थे डीसीएम चालक जैसे ही बनारस के कछुआ पहुंचे तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर से डीसीएम की भिडंत हो गई हादसे में चालक रमेश उर्फ लखन , अजीत कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही सुरेश पुत्र जगन्नाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया । हादसे में डीसीएम के परखच्चे उड़ गए । हादसे के बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर परिवार में कोहराम मच गया।

# कड़ा आश्रम में मनायी गयी संत शिरोमणि की 450 वीं जयंती

कड़ा, कौशाम्बी। संत शिरोमणि बाबा मलूकदास जी महाराज की 450 वीं जयंती कड़ा स्थित आश्रम में धूमधाम से मनाई गई। जयंती के शुभावसर पर बाबा के अनुयायियों ने समाधि पूजा और आरती की। संत मलूकदास जी महाराज कड़ाधाम के रहने वाले थे।जन्मस्थली में उनका आश्रम आज भी बना हुआ है।यहाँ उनके समाधि स्थल पर मत्था टेकने के लिए रोजाना अनुयाइयों का आना जाना लगा रहता है।सोमवार को संत मलूकदास जी महाराज की 450 वीं जयंती आश्रम में पूरी आस्था और श्रद्धाभाव के साथ मनायी गयी।जयंती के अवसर पर दिल्ली, जयपुर सहित अन्य प्रांतों से अनुयायी आश्रम पहुंचे।कार्यक्रम की शुरुवात संत मलूकदास जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण व समाधि स्थल की पूजा–आरती से हुई।इस दौरान अनुयाइयों द्वारा पूरे विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजा– आरती की गयी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।